संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -196 शनिवार ,18 मई 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बीजेपी ने साजिश के तहत स्वातिमाल को सीएम कार्यालय भेजा :आतिशी

» **आप नेता आतिशी का खुलासा...बिना अपॉइंटमेंट...स्वाती मालीवाल का इरादा केजरीवाल पर आरोप लगाना था...**





**नई दिल्ली,17 मई 2024 (ए) ।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के आरोप पर केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी ने बड़ा खुलासा किया है। स्वाति मालीवाल मामले पर आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें आतिशी ने कहा बिना अपॉइंटमेंट के सीएम आवास पर स्वाती मालीवाल पहुंचीं उनका इरादा अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाना था। आतिशी ने आरोप लगाया आज सीएम आवास के ड्राइंग रूम के अंदर से एक वीडियो सामने आया है, जिसने स्वाति मालीवाल के दावों को खारिज कर दिया है।

आतिशी ने कहा सीएम आवास का 13 मई का जो वीडियो सामने आया है जिसमें स्वाती मालीवाल कमरे में आराम से बैठी हैं और पुलिस अधिकारियों को धमका रही हैं और बिभव कुमार को गालियां दे रही हैं। उसके सिर पर कोई घाव नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा यह वीडियो साबित करता है कि मालीवाल के दावे निराधार हैं और सच नहीं हैं।

**भाजपा पर साजिश का लगाया आरोप**

आतिशी ने दावा किया जब ये अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है भाजपा बौखला गई है। इसी के चलते बीजेपी ने साजिश रची, जिसके तहत स्वाति मालीवाल को अरविंद केजरीवाल के घर भेजा गया।

उनका इरादा सीएम पर आरोप लगाने का था आतिशी ने आरोप लगाया 13 मई की सुबह स्वाति मालीवाल के जरिए केजरीवाल के खिलाफ ये साजिश रची गई । उनका इरादा सीएम पर आरोप लगाने का था लेकिन उस वक्त सीएम वहां नहीं थे इसलिए वो बच गए। याद रहे स्वाति मालीवाल ने अपनी शिकायत में विभव कुमार पर आरोप लगाया पुलिस से उन्होंने कहा कि उनके साथ मारपीट की गई।

### वीडियो में हुआ ये खुलासा

इसके साथ ही आतिशी ने खुलासा किया कि आज जो वीडियो सामने आया है उसमें वह मुख्यमंत्री आवास के ड्राइंग रूम में आराम से बैठी हैं और पुलिस अधिकारियों को धमकी दे रही हैं वीडियो में न तो कपड़े फटे हुए थे और न ही उनके सिर पर कोई चोट देखी जा सकती है।

## महिला सांसद मारपीट मामले में मुख्यमंत्री आवास का चौंकाने वाला मामला आया सामने



स्वाति मालीवाल से हुई बदसलूकी और मारपीट के मामले में एक नया वीडियो सामने आया है। यह वीडियो 13 मई के दिन का है और मुख्यमंत्री आवास के अंदर का बताया जा रहा है, हालांकि जनता से रिश्ता इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है. वीडियो में दिख रहा है कि स्वाति मालीवाल सीएम हाउस के अंदर बैठी हैं जहां कुछ कर्मचारी उन्हें बाहर जाने को कहते हैं। इस दौरान वह विभव पर गुस्सा हो रही है। आज मैं इन सब लोगों को बताऊंगी।जो करना है करो, तुम्हारी भी नौकरी खाऊंगी....आप मेरी डीसीपी से बात कराइए अभी के अभी। मैं एसएचओ सिविल लाइंस से बात करूंगी पहले। जो होगा यहीं होगा। मुझे हाथ लगाया तो आप लोगों की भी नौकरी खाऊंगी। इस दौरान वहां मौजूद कर्मचारी स्वाति से रिक्वेस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। इस पर स्वाति कहती हैं, मैंने अभी 112 पर कॉल कर दी है, पुलिस को आने दीजिए, उसके बाद बात करते हैं। इस पर कर्मचारी कहते हैं कि पुलिस भी तो बाहर ही आएगी, यहां तक नहीं आएगी ना? स्वाति कहती हैं नहीं अब जो होगा अंदर ही होगा, अंदर आएगी।

## संक्षिप्त खबर

### मुंबई होर्डिंग हादसे का मुख्य आरोपी उदयपुर से गिरफ्तार



**16 लोगों की हुई थी मौत**

**उदयपुर,17 मई 2024 (ए) ।** मुंबई में 13 मई को हुए होर्डिंग हादसे के मामले के मुख्य आरोपी भावेश भिंडे को मुम्बई क्राइम ब्रांच की टीम ने उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया। वह यहां एक रिसोर्ट में छिपा हुआ था। क्राइम ब्रांच की टीम उसे अपने साथ मुंबई लेकर रवाना हो गई।

**बाराबंकी में मोदी का विपक्ष पर हमला...**

## पीएम पद को लेकर ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं

**बाराबंकी,17 मई 2024 (ए) ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर एक बार फिर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम पद को लेकर ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बाराबंकी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम पद को लेकर ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं। इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, लेकिन दिल के सारे अरमान बह गए।

पीएम ने कहा कि आज एक तरफ देश हित के लिए समर्पित भाजपा-एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडी गठबंधन मैदान में है। जैसे - जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है,ये इंडी वाले ताश के पत्तों की तरह बिखरने शुरू हो गए हैं।



उन्होंने कहा कि 100 सीसी के इंजन से आप 1,000 सीसी की रफ्तार ले सकते हैं क्या? आपको विकास की तेज रफ्तार चाहिए तो वो सिर्फ दमदार सरकार ही दे सकती है। भाजपा सरकार ही दे सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि आपको काम करने वाले और आपका भला करने वाले सांसद चाहिए। पांच साल मोदी को गाली देने वाले नहीं, क्षेत्र का विकास करने वाले सांसद चाहिए। इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है...कमल का निशान।

उन्होंने तंज करते हुए कहा कि जो बबुआ जी यानी समाजवादी शहजादे हैं, अब उन्होंने एक नई बुआ की शरण ली है। उनकी ये नई बुआ बंगाल में हैं। उनकी बंगाल वाली बुआ जी ने इंडी गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से सपोर्ट करूंगी। इंडी गठबंधन की एक और पार्टी ने दूसरे को कह दिया कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में बोला।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहली बार वोट करने वाले युवाओं को तो पता भी नहीं होगा कि 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए हैं। ऐसा सिर्फ आपके एक वोट के कारण हुआ है।

उन्होंने कहा कि रामलला को टेंट में पहुंचाने वाले सपा-कांग्रेस वाले अब राम मंदिर के फैसले को पलटने की बात कह रहे हैं। वो राम मंदिर को बेकार बता रहे हैं। ऐसे लोगों को ऐसी सजा देनी चाहिए कि उनकी जमानत जब्त हो जाए।

पीएम मोदी ने कहा कि जून बहुत दूर नहीं है। आज पूरा देश और पूरी दुनिया जानती है कि मोदी सरकार की हैट्रिक बनने जा रही है। नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं।

## अगर नहीं मिला बहुमत तो क्या है भाजपा का प्लान बी...

**नई दिल्ली,17 मई 2024 (ए) ।** देश में 4 चरणों के लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। कुल 543 सीटों में से करीब 380 सीटों पर मतदाताओं ने प्रत्याशियों की किस्मत वोटिंग कर ईवीएम में कैद कर दी है। 5 वें चरण की वोटिंग 20 मई को होगी। इस बीच मंगलसूत्र, पाकिस्तान, आरक्षण जैसे माइंडगेम हावी हैं। इंडिया गठबंधन दावा कर रहा है चुनाव में भाजपा की अगुवाई वाले बीजेपी को बहुमत नहीं मिलने वाला है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि इंडिया गुट की भविष्यवाणी सच साबित हुई तो क्या एनडीए के पास प्लान बी है?



इस सवाल का जवाब भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले और देश के गृह मंत्री अमित शाह ने दिया। एक साक्षात्कार में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्लान बी बनाने की जरूरत तभी होती है जब प्लान ए के सफल होने की संभावना 60 फीसदी से कम होती है। मुझे यकीन है कि पीएम मोदी प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे।अमित शाह ने कहा कि मुझे ऐसी कोई संभावना नहीं दिख रही है कि भाजपा बहुमत न हासिल कर पाए। 60 करोड़ लाभार्थियों की एक सेना पीएम मोदी के साथ खड़ी है। उनकी कोई जाति या आयु समूह नहीं है। जिन्हें ये सभी लाभ मिले हैं।

## राधिका खेड़ा ने कांग्रेस पर फिर लगाया आरोप

» **भूपेश बघेल के ट्वीट पर जवाब देते हुए लिखा...**

**नई दिल्ली,17 मई 2024 (ए) ।** कांग्रेस छोड़ चुकी महिला नेत्री राधिका खेड़ा मौजूदा वक़्त में भाजपा का दामन लिया है इसके साथ ही राधिका अब भी लगातार कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर हमलावर हैं। खासकर सोशल मीडिया पर वह कभी राहुल गांधी तो कभी प्रियंका गांधी पर हमले कर रही हैं। नारी सम्मान के दावों पर खुद की मिसाल दे रही है। वहीं इस बीच उन्होंने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और मौजूदा समय में रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पर्यवेक्षक भूपेश बघेल के खिलाफ ट्वीट किया हैं।



दरअसल राहुल गांधी के प्रचार के सिलसिले में भूपेश बघेल इन दिनों रायबरेली में हैं। वे वहां जनसभाएं कर रहे हैं। इसी दौरान कल भूपेश बघेल ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा था, ÷कांग्रेस की सरकार किसानों के लिए स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करेगी,युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरियां देगी, सभी युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार मिलेगा, महिलाओं के खातों में ₹1 लाख आएंगे। बीजेपी की सरकार आम देशवासियों की सरकार होगी, सबको न्याय देगी। राधिका खेड़ा ने अब इसी ट्वीट का जवाब दिया हैं।

## हाईकोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लगाया एक हजार का जुर्माना

**रांची,17 मई 2024 (ए) ।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मुकदमे को लेकर चल रही सुनवाई में जवाब दाखिल करने में देरी की वजह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। दरअसल, चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी द्वारा भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े केस में संज्ञान लिया था, जिसे निरस्त करने के लिए उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका पर पिछले महीने हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने उन्हें राहत दी थी और चाईबासा कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। इस मामले में राहुल गांधी को जवाब दाखिल करने को कहा गया था। चाईबासा निवासी प्रताप कटियार नामक शख्स ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया था कि उन्होंने वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।




राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारे को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है। इस शिकायत वाद पर चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ अप्रैल 2022 में जमानती वारंट जारी किया था। इस पर राहुल गांधी की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद कोर्ट ने फरवरी, 2024 में उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद वह हाईकोर्ट पहुंचे।

## केदारनाथ धाम में हो रहा है चमत्कार

» **गहरी खाई में गिरी 2 साल की बच्ची... सुरक्षित बच निकली...**

**केदारनाथ,17 मई 2024 (ए) ।** केदारनाथ यात्रा में आ रहे श्रद्धालुओं के साथ ऐसी घटना घटी, जिसे देखकर अन्य भक्त भी दंग रह गए। गुरुवार को महाराष्ट्र से केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंचे तीर्थयात्रियों की दो साल बच्ची करीब 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इसके बाद जब परिजनों के साथ अन्य लोग खाई में उतरे तो बच्ची को कुछ भी नहीं हुआ। हालांकि, सिर्फ बच्ची के सिर पर हल्की चोटें आई थी। यह देखकर भक्त हैरान हो गए और बाबा केदार की शक्ति के साथ भक्ति को भी मान गए। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम की पैदल दूरी करीब 19 किलोमीटर है. गौरीकुंड से बाबा केदार के भक्त घोड़ा-खच्चर,डंडी-कंडी का



सहारा लेते हैं, जबकि कुछ भक्त ऐसे भी होते हैं, जो बाबा के प्रति सच्ची आस्था को रखते हुए पैदल यात्रा करते हैं। ऐसे भक्तों पर बाबा केदार की हमेशा से ही कृपा बनी रहती है. ऐसा ही चमत्कार गुरुवार को केदारनाथ धाम में देखने को मिला।

## दारुल उलूम देवबंद ने परिसर में महिलाओं के प्रवेश पर लगाई रोक

**सहारनपुर,17 मई 2024 (ए) ।** देवबंद में इस्लामिक मदरसा दारुल उलूम ने अपने परिसर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह फैसला परिसर में महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे रील की वजह से लिया गया है। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान बाधा होती थी। सोशल मीडिया पर इस तरह के कई वीडियो देखने के बाद कई देशों से इस संबंध में शिकायतें सामने आई थीं। मोहतमिम (प्रशासक) मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने प्रतिबंध और इसके




कारणों की पुष्टि की। उन्होंने कहा, दारुल उलूम एक मदरसा है और किसी भी स्कूल में इस तरह की हरकतें स्वीकार्य नहीं हैं।नोमानी ने कहा, यही नहीं, दारुल उलूम में शिक्षा का नया सत्र शुरू हो गया है। भीड़ भाड़ के कारण छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। हमें इस संबंध में कई शिकायतें मिलीं।

## फोर्ब्स ने जारी की 30 अंडर 30 एशिया लिस्ट

» **इन भारतीयों को मिली जगह**

**नई दिल्ली,17 मई 2024 (ए) ।** फोर्ब्स ने '30 अंडर 30 एशिया' सूची का अपना 9वां संस्करण जारी किया है। इस सूची में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 30 साल से कम उम्र के युवा उद्यमियों, नेताओं और अग्रणी उद्यमियों, इनोवेशन को बढ़ावा देने वालों और कारोबार जगत में बदलाव लाने वालों का नाम शामिल किया गया है।फोर्ब्स की 30 अंडर एशिया 30 लिस्ट में मनोरंजन जगत से पवित्रा चारी और अर्पण कुमार चंदेल का नाम शामिल किया गया है। पवित्रा एक प्रशिक्षित गायिका और संगीतकार हैं। 2023 में वह ग्रैमी के लिए नामांकित हुई थीं।दूसरी ओर अर्पण कुमार चंदेल एक भारतीय रैपर हैं। उन्हें किंग के नाम से भी जाना जाता है। वे दुनिया भर में तब चर्चा में आए जब निक जोनास ने उनके हिट गाने 'मान मेरी जान' का रीमिक्स किया।



उपभोक्ता प्रौद्योगिकी क्षेत्र में इस सूची में कुश जैन, अर्थ चौधरी, देवांत भारद्वाज और ओशी कुमारी जैसे नाम हैं। कुश जैन अपने अत्याधुनिक एआई आधारित उत्पादों से दृष्टिबाधितों की मदद करने के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उन्होंने ओआरएएमए ए1 की सह-स्थापना की है। उनके उत्पाद दृष्टिबाधितों को ब्रेल सीखने में मदद करते हैं।अर्थ चौधरी, दीवंत भारद्वाज और ओशी कुमारी ने 2020 में एक भारतीय ड्रोन स्टार्टअप इनसाइडएफपीवी की सह-स्थापना की थी। लिस्ट में ऑटोनोमस ड्राइविंग से जुड़े स्टार्टअप फ्लक्स ऑटो के प्रणव मानपुरिया का भी नाम है। उन्होंने इस स्टार्टअप की स्थापना 2017 में की थी। कंपनी फोर्कलिफ्ट और वेयरहाउस रोबोट के लिए सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर बनाने पर काम कर रही है।फोर्ब्स की लिस्ट में रेस एनर्जी के अरुण श्रेयर और गौतम महेश्वरन के नाम भी शामिल है। इस स्टार्टअप का मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है और यह भारत में लोकप्रिय तीन-पहिया ऑटो-रिक्शा के लिए स्वैपेबल बैटरी पैक बनाने में माहिर है।

## संपादकीय

### चुनाव बहिष्कार की राजनीति इतिहास बनी

भारत के मुकुट कश्मीर के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र में आस्था की कहानी बयां कर रहा है। अपने बेहतर भविष्य की उम्मीदों को लेकर घरों से निकले मतदाताओं ने पिछले 28 वर्षों के मतदान का रिकॉर्ड तोड़ दिया।इस बार तीन फीसद मतदान हुआ जबकि 2019 में 14.43 और 2014 में 25.86 फीसद मतदान हुआ था। 1996 में 40.94 फीसद मतदान हुआ था और यह वह समय था जब आतंकवादियों और अलगाववादियों ने चुनाव के बहिष्कार की अपील की थी, लेकिन सेना की मदद से लोग मतदान केंद्रों पर आने में समर्थ हुए थे।लेकिन इस बार श्रीनगर के लोग बेखौफ होकर घरों से बाहर आए और मताधिकार का प्रयोग किया। जम्मू-कश्मीर में संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद यह पहला आम चुनाव है। दशकों से यहां लोग चुनाव बहिष्कार, आतंक और हिंसा के डर से घरों से बाहर नहीं निकला करते थे।लेकिन अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद चुनाव बहिष्कार की राजनीति इतिहास बन गई है। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र का दायरा पांच जिलों और 18 विधानसभा क्षेत्रों तक फैला है। हैरानी की बात यह है कि पुलवामा और शोपियां जैसे आतंकवादियों के गढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों में पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार मतदान अधिक हुआ।श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के गंदरबल, बडग़ाम, पुलवामा, शोपियां और त्राल जैसे इलाकों में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है जो एक नया ट्रेंड दर्शाता है। इसका साफ संकेत है कि कश्मीर घाटी के लोग अनुच्छेद 370 निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के समर्थन में हैं।यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि प्रतिकूल मौसम होने के बावजूद पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की कतार लगी हुई थी। इससे यह भी साफ होता है कि यहां के लोगों ने विरोध के पक्ष में नहीं, बल्कि उम्मीद के पक्ष में वोट किया है। श्रीनगर में शांतिपूर्ण मतदान का होना और लोगों का उत्साहपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का यह भी अर्थ नहीं है कि यहां के क्षेत्रीय दलों और केंद्र सरकार के बीच विश्वास बहाली की प्रक्रिया पूरी तरह संपन्न हो गई है।नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि लोक सभा के बाद विधानसभा के चुनाव में भी लोग इसी तरह उत्साह से वोट करते नजर आएंगे।

## आकस्मिक और चमत्कारिक घटना

एक ही महीने में दूसरी बार दुबई में बादल फटने से बाढ़ के हालात पैदा हो गए। रेगिस्तान की तपती रेत में पानी का मिलना सदियों से आकस्मिक और चमत्कारिक घटना माना जाता है। तपती रेत पर हवा गर्म हो कर कई बार पानी होने का भ्रम देती है, और प्यासा उसकी तलाश में भटकता रहता है। इसे ही मृगतृष्णा कहते हैं। गर्म रेत के अंधड़ों से बचने के लिए ही खाड़ी के देशों के लोग जलेबिया' यानी सफेद लंबा चोगा पहनते हैं, और सिर पर कपड़े को गोल छल्लों से कस कर बांधते हैं, जिससे आंधी में वो उड़ न जाए। इन रेगिस्तानी देशों में ऊंट की लोकप्रियता का कारण भी यही है कि वो कई दिन तक प्यासा रह लेता है,रेत पर तेजी से दौड़ लेता है। इसीलिए उसे रेगिस्तान का जहाज भी कहते हैं।जब से खाड़ी देशों में पेट्रो-डॉलर आना शुरू हुआ है, तब से तो इनकी रंगत ही बदल गई। दुनिया के सारे ऐशोआराम और चमक-दमक इनके शहरों में छा गई। अकूत दौलत के दम पर इन्होंने दुबई के रेगिस्तान को हरे-भरे शहर में बदल दिया जहां घर-घर स्विमिंग पूल और फव्वारे देख कर कोई सोच भी नहीं सकता कि ये सब रेगिस्तान में हो रहा है। पर जैसे ही आप दुबई शहर से बाहर निकलते हैं, आपको चारों ओर रेत के बड़े-बड़े टीले ही नजर आते हैं। न हरियाली और न पानी। इन हालात में स्वाभाविक ही था कि दुबई का विकास इस तरह किया गया कि उसमें बरसाती पानी को सहेजने की कोई भी व्यवस्था नहीं है। इसलिए जब 75 साल बाद वहां बादल फटा तो बाढ़ के हालात पैदा हो गए। कारें और घर डूब गए। हवाईअड्डे में इतना पानी भर गया कि दर्जनों उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। एक तरफ इस चुनौती से दुबईवासियों को जूझना था और दूसरी तरफ वे इतना सारा पानी और इतनी भारी बरसात देख कर हर्ष में भी डूब गए।पर ऐसा हुआ कैसे? क्या यह वैश्विक पर्यावरण में आए बदलाव का परिणाम था या कोई मानव-निर्मित घटना? खाड़ी देशों में आई इस बाढ़ की वजह कुछ विशेषज्ञों ने क्लाउड सीडिंग' यानी कृत्रिम बारिश बताई है। जब एक निश्चित क्षेत्र में अचानक अपेक्षा से कई गुना ज्यादा बारिश हो जाती है, तो उसे हम बादल फटना कहते हैं। कुछ वर्ष पहले इसी तरह की घटना भारत में केदारनाथ, मुंबई और चेन्नई में भी हुई थी। तब से आम लोगों में यह जानने की जिज्ञासा रही है कि ऐसा कैसे और क्यों हुआ?दरअसल, आधुनिक वैज्ञानिकों ने इतनी तरक्की कर ली है कि वे बादलों में बारिश का बीजारोपण करके कहीं भी और कभी बारिश करवा सकते हैं। करते यह हैं कि जहां पर ज्यादा भांप से भरे बादल इकट्ठा होते हैं, उसमें क्लाउड सीडिंग' कर देते हैं। हालांकि, हाल में प्रकाशित एक समाचार के अनुसार अमेरिकी मौसम वैज्ञानिक रयान माउ इस बात को मानने से इनकार करते हैं कि दुबई में बाढ़ की वजह क्लाउड सीडिंग' है। उनके मुताबिक खाड़ी देशों पर बादल की पतली लेयर होती है जहां क्लाउड सीडिंग' के बावजूद इतनी बारिश नहीं हो सकती कि बाढ़ आ जाए। क्लाउड सीडिंग' से एक बार में ही बारिश हो सकती है। इससे कई दिनों तक रुक-रुक नहीं होती जैसा कि वहां हो रहा है। माउ के मुताबिक अमीरात और ओमान जैसे देशों में तेज बारिश की वजह क्लाइमेट चेंज' है। जो क्लाउड सीडिंग' का इल्जाम लगा रहे हैं, वो ज्यादातर उस मानसिकता के हैं, जो मानते ही नहीं कि क्लाइमेट चेंज' जैसी भी कोई चीज होती है।क्लाउड सीडिंग' तकनीक हमेशा से बहस का विषय रही है। दशकों के शोध से स्थैतिक और गतिशील बीजारोपण तकनीकें सामने आई हैं।

-विनीत नारायण-

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा

**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया...कि विपक्षी इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा...और सिर्फ एक सीट पर ही है मुकाबला...**



लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिशयोक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेज़ी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फ़ासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पर्दापाश पहले ही हो गया है। 'आप' ने अपने कामकाज के तरीक़े में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरुआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ग़रीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव ज़रूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से ग़रीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम ग़रीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हक़ीक़त का। हालांकि यह देखना बाक़ी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरुआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आई एवं उसने मन्दिर बना दिया। भाजपा ने खुद को पार्टी विद डिफ़रेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को ख़त्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया। पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है। लोकतंत्र में मतदाताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव के अवसर पर राजनीतिक दलों की परख करें। झूठों एवं दुष्टों की एकजुटता ही जगत में कष्टों की वजह है एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का बड़ा कारण है। जब तक ईमानदार एकजुट नहीं होंगे, तब तक जगत की कोई समस्या हल नहीं होगी। और ईमानदारों का एकजुट न होना दुष्टों एवं झूठों का असली बल है। कभी-कभी ऊंचा उठने, सत्ता पाने और भौतिक उपलब्धियों की महत्वाकांक्षा राष्ट्र को यह सोचने-समझने का मौका ही नहीं देती कि कुछ पाने के लिए उसने कितना खो दिया? और जब यह सोचने का मौका मिलता है तब पता चलता है कि वक्त बहुत आगे निकल गया और तब राष्ट्र अनिर्णय के ऊहापोह में दिग्भ्रमित हो जाता है। इस चुनाव को इस विम्बना से बचाना है।

-ललित गर्ग-

# भीड़-तंत्र का न्याय एक बड़ी सामाजिक विफलता

**» सामूहिक भीड़ का फैसला राज्य तंत्र के लिए बड़ी चुनौती**

सामूहिक भीड़ का कोई मस्तिष्क नहीं होता। उसके द्वारा उन्माद में लिए गए सड़क पर



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

त्वरित फैसले सामाजिक संरचना के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं और राजकीय संपत्ति के लिए कई बार भारी नुकसान दायक भी होते हैं। भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10 प्रतिशत लोगों के पास देश की 58 प्रतिशत संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70 प्रतिशत भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है । यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।

भी तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भी की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भी ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है।और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है।




मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भी तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भी तंत्र द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भी तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## ऑमलेट



ओतेरी सेल्वा कुमार
-चेन्नई
तमिलनाडु-

एक बार की बात है, एक छोटे से गाँव में ऑमलेट नाम का एक छोटा सा अंडा रहता था। ऑमलेट ने दुनिया का सबसे स्वादिष्ट ऑमलेट बनने का सपना देखा था, जिसे क्रिस्पी बेकन और टोस्टेड ब्रेड के साथ परोसा जाता था।एक दिन, ऑमलेट की इच्छा पूरी हुई, और उसे एक विशेष रात्रि भोज के लिए पकाने के लिए चुना गया। जैसे ही उसने कड़ाही में तड़का लगाया, उसे गर्व और उत्साह महसूस हुआ। लेकिन जैसे ही वह पलटने वाला था, आपदा आ गई! हवा के तेज़ झोंके ने स्टोव से पैन उड़ा दिया और ऑमलेट खिड़की से बाहर उड़ गया। वह नीचे, नीचे, नीचे गिरता रहा, जब तक कि वह छींटों के साथ कीचड़ भरे पोखर में नहीं जा गिरा। ऑमलेट तबाह हो गया था. एक परफेक्ट ऑमलेट बनने का उनका सपना चकनाचूर हो गया।

लेकिन फिर, कुछ अप्रत्याशित हुआ. विगल्स नाम का एक मित्रवत कीड़ा प्रकट हुआ और बोला, अरे, छोटे ऑमलेट! चिंता मत करो, मैं तुम्हें रास्ते पर वापस लाने में मदद करूंगा। विगल्स ने ऑमलेट को रसोई में वापस ले जाया, जहां रसोइया छोटे अंडे के दृढ़ संकल्प को देखकर आश्चर्यचकित रह गया।ऑमलेट और विगल्स ने मिलकर एक पाक चमत्कार किया। उन्होंने कुछ गुप्त सामग्रियाँ मिलाईं, और ऑमलेट एक सपर डुपर ऑमलेट में बदल गया, जो गाँव का अब तक का सबसे स्वादिष्ट व्यंजन था! तब से, ऑमलेट और विगल्स सबसे अच्छे दोस्त बन गए, उन्होंने रसोई में तूफान ला दिया और उनकी रचनाओं का स्वाद चखने वाले सभी लोगों को खुशी की थाली परोसी।कहानी का नैतिक पहलू है? यहां तक कि जब जीवन संघर्षपूर्ण हो जाता है, तो दोस्तों की थोड़ी सी मदद और दृढ़ संकल्प के साथ, आप अभी भी खुद का सबसे अच्छा संस्करण बन सकते हैं - या इस मामले में, देश में सबसे स्वादिष्ट आमलेट!

## हंसी का अपना ही मतलब



कमलेश झा
भागलपुर
बिहार

एक हंसी जब पिता के मुख पर देता उनके मन को सन्तोष।
बच्चे उनके प्रगति पथ पर देता इनके दिल को सन्तोष।।
जब हंसी हो मां के मुख पर इशारा करती है कुछ और।
पेट भरे हैं उनके बच्चों का चिंता फिकर से कोशों दूर ।।
एक हंसी जब भाई के मुख पर मन भरता सुकून का भाव।
हिम्मत हौसला डेढ़ गुणा हो मन में भरता है फिर ताव।।
एक हंसी बहाना के मुख पर दिल को करता है फिर शांत।
उनके घर में फैली खुशहाली दिखती है उनके मुख के कांत ।।
एक हंसी जब बेटा बेटी के मुख पर मन में देता है फिर सुख।
कुछ अच्छा करने की आशा दिल में जगाता नई भूख।।
एक हंसी पत्नी के मुख पर मन में उठते नए नए प्रश्न।।
आने वाले नए मांग से सोच सोच कर डरते मन।।
एक हंसी समाज का देखकर होते हैं फिर प्रसन्न मन।
समाज बढ़ रहा प्रगति के पथ पर होते है फिर हर्षित मन।।
एक हंसी कुटीलों का देखकर मन में भरता है अवसाद।
समाज में फिर विष फैलाकर मना सकता कैसे उल्लास।।
एक हंसी भारत माता का हर्षित करता पूरा देश।
देश बढ़े फिर राह प्रगति विकासशील से विकसित देश।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मोर गाँव के पहिचान हे...



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

मोर गाँव म नवा बिहान हे
जिहाँ सुम्मता के सियान हे
मोर गाँव म सबो मितान हे
जिहाँ सबो एक्के समान हे
इही मोर गाँव के पहिचान हे।
मोर गाँव म चौक-चउगान हे
जिहाँ तरिया नरवा बंधान हे
मोर गाँव म गाय-गउठान हे
जिहाँ दही-मही के दईहान हे
इही मोर गाँव के पहिचान हे।
मोर गाँव म गाय-गउपाल हे
जिहाँ चरावय ग्वाल-बाल हे
मोरे गाँव म बर-पीपर छाँव हे
जिहाँ चिरई के चाँव-चाँव हे
इही मोर गाँव के पहिचान हे।
मोर गाँव म टिकरा-कछार हे
जिहाँ खेती-बारी के सरार हे
मोर गाँव म डबरी के पार हे
जिहाँ दिखय रुख़राई डार हे
इही मोर गाँव के पहिचान हे।
मोर गाँव म डेहरी-परसार हे
जिहाँ माटी के घर-दुवार हे
मोर गाँव म धनहा कोठार हे
जिहाँ पैरावट खरही रवार हे
इही मोर गाँव के पहिचान हे।
मोर गाँव देव-धमी के दुवार हे
जिहाँ ठाकुर शीतला रखवार हे
मोर गाँव म दया-धरम सार हे
जिहाँ एक दूसर के मया दुलार हे
इही मोर गाँव के पहिचान हे।
मोर गाँव म बारी खेती-खार हे
जिहाँ उन्हारी राहेर मेड पार हे
मोर गाँव के भाठा म हटवार हे
जिहाँ साग-भाजी के बजार हे।
इही मोर गाँव के पहिचान हे

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# आधी कीमत पर वाहन फाइनेंस करने व शेष रकम नहीं पटाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।** फर्जी कंपनी द्वारा आधी कीमत पर वाहन फाइनेंस कराने व शेष रकम कंपनी द्वारा देने का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

अनुसार के अनुसार कुसमी चिरपैनपारा निवासी मो. कलाम एवं अन्य संचालकों द्वारा खैरबार अम्बिकापुर में ड्रीम आरके ट्रेडिंग सर्विस प्रालि नामक कंपनी खोल कर वाहन फाइनेंस किया जाता था। ग्राहकों से वाहन के मूल्य का आधा पैसा लेकर फाइनेंस कराकर वाहन उपलब्ध कराया ताता था एवं शेष रकम का भुगतान ड्रीम आरके ट्रेडिंग कंपनी द्वारा किए जाने का झांसा दिया जाता था। आधे कीमत पर वाहन उपलब्ध होने के झांसे में आकर गांधीनगर थाना क्षेत्र के फोकटपारा इंद्रानगर निवासी महिला अनिमा बड़ा सहित कई लोगों ने वाहन फाइनेंस कराया था। अनिमा बड़ा ने ट्रेडिंग सर्विस प्रालि कंपनी से पिकअप वाहन फाइनेंस कराई थी। जिसकी कमीत 9 लाख 75 हजार रुपए थी। महिला ने वाहन फाइनेंस के दौरान 2 लाख 50 हजार रुपए कंपनी को दी थी और 2 लाख 85 हजार रुपए मो. कलाम व अन्य संचालकों को दी थी। वाहन का शेष रकम कंपनी द्वारा पटाए जाने का




झांसा दिया गया था। फाइनेंस के दौरान प्रार्थिया चेक भी दी थी। उक्त कंपनी के संचालकों द्वारा करीब डेढ़ वर्ष तक वाहन के किश्त का भुगतान किया गया। इसके बाद भुगतान करना बंद कर दिया गया। अनिमा बड़ा ने किश्त भुगतान करने के नाम पर दो लाख रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अरोपियों के खिलाफ धारा 420 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी।

## ये आरोपी गिरफ्तार

लोगों को आर्थिक लाभ होने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने कंपनी के एजेंट विनोद कुमार खलखो (37) निवासी बासाझाल बिलासपुर थाना बतौली हाल मुकाम फुंदुरडिहारी बिचपारा गांधीनगर,सागर बा (39) निवासी खैरबार थाना कोतवाली अम्बिकापुर व मनोज मोहन खलखो (35) निवासी खैरबार थाना कोतवाली अम्बिकापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी, अमित प्रताप सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह,शिव राजवाड़े, शिवमंगल सिंह, रिंकू गुप्ता, रमन मण्डल शामिल रहे।

# शराब पीने के लिए रुपए नहीं दिए तो ईंट से सिर पर कर दिया हमला, गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।** शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए नहीं दिए तो बदमाशों ने युवक के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। इस दौरान उसके सिर पर ईंट से सिर पर मार दिया। इससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। मामले में पुलिस ने एक आरोप को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार कामकुवेर बघेल कांतिप्रकाशपुर की रहने वाली है।



15 मई की देर रात कामकुवेर का बेटा अभिषेक परिवार के अन्य लोगों के साथ घर के बाहर टहल रहा था। इस दौरान स्कूटी कुछ युवक पहुंचे और बोले की इतनी रात को क्यों घूम रहे हो। इस दौरान स्कूटी सवार युवकों ने उसके साथ डरा धमका कर शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग की। नहीं देने पर उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान एक युवक ने उसके सिर पर ईंट से हमला कर दिया। इससे अभिषेक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मामले की रिपोर्ट अभिषेक की मां कामकुवेर ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दिलिप उर्फ दादू उम्र 20 वर्ष निवासी रजपुरीखुर्द अम्बिकापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 327,34 के तहत अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।** बाइक चोरी के मामले में गांधीनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार अजय गुप्ता तुर्रापानी में रहता है। 23 मार्च को इसकी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजी 0121 को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी पवन गुप्ता को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रार्थी के ही मकान में किराए में रहता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक जब्त की है।



# युवती का वाट्सऐप हैक कर उसके सगे संबंधितों से 1.25 लाख ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।** युवती का मोबाइल हैक कर और वाट्सएप का उपयोग कर उसके संबंधितों को मैसेज कर 1 लाख 25 हजार रुपए ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को झारखंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार दीक्षा अग्रवाल विजय मार्ग अंबिकापुर की रहने वाली है। इसकी बड़ी बहन के मोबाइल पर 13 मई को अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था और उससे कुरियर पहुंयाने का झांसा दिया था। इस दौरान उसे एक विशेष नंबर दिया और कॉल करने बोला गया था। पीड़िता दिए गए विशेष



नंबर पर कॉल करने पर एमएमआई कोर्ड जनरेट होने का नोटिफिकेशन आया और पीड़िता का मोबाइल नंबर हैक कर लिया गया। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़िता के वाट्सअप काा उपयोग कर उसके सगे-संबंधितों को मैसेज कर पैसा भेजने का आग्रह किया गया। पीड़िता को आवश्यकता समझकर उसके संबंधितों ने कुल 1 लाख 25 हजार रुपए दिए गए विभिन्न नंबरों व बार कोड पर भेज दिया गया था। कुल 1 लाख 25 हजार रुपए ठगी की रिपोर्ट पीड़िता की बहन दीक्षा अग्रवाल ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। साइबर सेल की मदद से आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम झारखंड के जमशेदपुर रवाना हुई थी। पुलिस ने आरोपी गणेश महाकुड (23) सान्कों साई रोड क्रमांक 4 मान्गो पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर झारखण्ड व कसफ अली (21) निवासी मान्गो आजादनगर करली रोड क्रमांक 6 पूर्वी सिंहभूमि टाटानगर जमशेदपुर झारखण्ड को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने सघन टीकाकरण कार्य जारी

» **कलेक्टर ने की पशुपालकों से मवेशियों के टीकाकरण अवश्य कराने की अपील**

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 17 मई 2024 (घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री विलास भोस्कर द्वारा पशुधन विकास विभाग सरगुजा को पशुओं में होने वाले संक्रामक रोग गलघोटु एवं एकटंगिया से बचाव हेतु सघन टीकाकरण कार्यक्रम चलाए जाने निर्देशित किया गया है। इस कड़ी में पशुधन विकास विभाग द्वारा 15 जून तक सभी पशुओं में आवश्यक रूप से टीकाकरण कार्य पूर्ण कर लिए जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री भोसकर के निर्देशों के परिपालन में जिले में विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण का कार्य लगातार जारी है। टीकाकरण के माध्यम से पशुओं में होने वाले संक्रामक रोगों से बचाया जा सकेगा एवं पशु पालकों को होने वाली आर्थिक क्षति से भी बचाया जा सकेगा। कलेक्टर श्री भोस्कर ने पशुपालकों से टीकाकरण अवश्य कराने की अपील की है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार 3 युवकों को मारी टक्कर, 2 की मौत, तीसरा गंभीर

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम अमगसी मोड़ के पास गुरुवार की रात 11 बजे बाइक सवार 3 युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा युवक बाइक समेत कार में ही फंस गया। ऐसे में कार उसे रगड़ती हुई कुछ दूर तक ले गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर एंबुलेंस से तीनों को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया,यहां से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना से मृतकों के गांव में मातम पसर गया है।



सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माजा निवासी पटेल बरगाह पिता कलम साय 20 वर्ष,सुरेश दास पिता घूरन दास 19 वर्ष व चमन यादव पिता सुखन राम 20 वर्ष गुरुवार लखनपुर आए थे। यहां तीनों अपने एक अन्य दोस्त धीरज से लखनपुर बस स्टैंड मिले। तीनों ने कुछ देर तक यहां समय बिताया। इसके बाद तीनों रात करीब पौने 11 बजे बाइक क्रमांक सीजी डीएक्स-4617 पर सवार होकर घर जाने निकल गए। वे अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर ग्राम अमगसी मोड़ से आगे रात 11 बजे नवापारा के पास पहुंचे थे। सड़क के दाएं ओर गांव का रास्ता था। यहां जाने जैसे ही उन्होंने बाइक मोड़ी, अंबिकापुर से तेज रफ्तार में बिलासपुर की ओर जा रही कार सीजी 15 डीए 5067 ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में पटेल बरगाह व सुरेश हवा में उछलकर सड़क पर सिर के बल जा गिरे। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि चमन यादव कार में बाइक समेत फंस गया। कार की स्पीड का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वह बाइक समेत युवक को रगड़ता हुआ करीब 100 मीटर दूर तक ले गया। हादसे में चमन भी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख मौके पर मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। लोगों द्वारा सड़क हादसे की सूचना तत्काल संजीवनी 108 को दी गई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस वहां पहुंची और तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर ले गई। यहां जांच पश्चात पटेल व सुरेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चमन को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही लखनपुर पुलिस भी घटनास्थल तथा बाद में अस्पताल पहुंची। पुलिस की सूचना पर मृतकों के परिजन शुक्रवार की सुबह अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पीएम पश्चात शव उनके परिजन को सौंप दिया तथा अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। युवकों की मौत से उनके परिजनों का जहां रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक की लहर फैल गई है।

# नगर निवेश कार्यालय के सहायक संचालक व मानचित्रकार को एसीबी ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अंबिकापुर नगर निवेश कार्यालय में शुक्रवार की दोपहर छापा मारकर सहायक संचालक व मानचित्रकार को गिरफ्तार किया है। इनके द्वारा रिश्वत के रूप में 35 हजार रुपए ली गई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीबी की टीम से की थी।

अंबिकापुर के मोमिनपुरा निवासी वसीम बारी को अपने रिश्तेदार की भूमि की उपयोगिता के एनओसी की जरूरत थी। इसके लिए वह नगरीय निकाय कार्यालय अंबिकापुर दफ्तर में पिछले दिनों पहुंचा था। एनओसी के एवज में वहां पदस्थ सहायक संचालक बालकृष्ण चौहान व मानचित्रकार निलेश्वर कुमार ध्रुव द्वारा 35 हजार रुपए की डिमांड की गई थी। वसीम बारी उन्हें रुपए नहीं देना चाहता था। कई बार निवेदन करने के बाद भी उन्होंने बिना पैसे



लिए काम नहीं करने की बात कही। इसके बाद उसने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो अंबिकापुर टीम से की। एसीबी की टीम ने सहायक संचालक व मानचित्रकार को रंगे हाथों पकडने की योजना बनाई। इसके लिए रिश्वत की राशि के बारे में पहले मोबाइल पर दोनों के बीच हुई बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग कराई। इसके बाद प्लान के अनुसार शुक्रवार की दोपहर केमिकल लगे रुपए देकर उसे नगर निवेश कार्यालय में भेजा। शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे केमिकल लगा 35 हजार रुपए लेकर पीड़ित नगरीय निवेश कार्यालय पहुंचा। उसने जैसे ही रुपए सहायक संचालक व मानचित्रकार के हाथ में दी, आस-पास पहले से मौजूद टीम ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम दोनों को अपने साथ ले गई है।

## संचालक ने दोनों को किया निलंबित



अंबिकापुर 35 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार सहायक संचालक बालकृष्ण चौहान तथा सहायक मानचित्रकार नीलेश्वर कुमार ध्रुव को निलंबित कर दिया गया है। संचालक ग्राम तथा नगर निवेश कार्यालय को जैसे ही दोनों के रिश्वतखोरी के आरोप पर गिरफ्तारी की सूचना मिली वैसे ही निलंबन आदेश जारी हो गया। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

निलंबन अवधि में बालकृष्ण चौहान व नीलेश्वर कुमार ध्रुव, का मुख्यालय,कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, बिलासपुर निर्धारित किया गया है।

# ऑटो चालक द्वारा युवती कों बैठाकर तय स्थान पर ना छोड़कर आगे बढाकर छोड़ने वाले शराबी ऑटो चालक के विरुद्ध सरगुजा पुलिस द्वारा की गई सख्त कार्यवाही

» **सरगुजा पुलिस द्वारा सार्वजानिक सेवा के वाहन कों प्रदत्त सरल क्रमांक नंबर से आसानी से ऑटो चालक की पहचान कर की गई त्वरित कार्यवाही...**

» **आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त ऑटो किया गया जप्त...**

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।** सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत संदिग्ध गतिविधि मे शामिल संदेहियो/आरोपियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि घटना दिनांक 16/05/24 कों




आवेदिका जनपदपारा चौक के पास से एक ऑटो कों रोककर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर जाने की बात ऑटो चालक से बोलकर उक्त ऑटो क्रमांक सीजी/15/डीएक्स/2093 मे बैठ गई, ऑटो चालक उस समय शराब के नशे मे था जिसे आवेदिका द्वारा सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर कॉलेज गेट के पास पहुंचने पर रोकने के लिए कहा गया किन्तु ऑटो चालक सूरज रवि द्वारा ऑटो कों गेट से आगे बढाकर रोका गया जिसके बाद ऑटो चालक आवेदिका से अधिक किराया की मांग कर झगड़ा विवाद करने लगा जिस पर आवेदिका द्वारा पुलिस टीम कों घटना की सूचना दी गई।



पुलिस टीम कों घटना की सूचना देने पर उक्त ऑटो चालक तत्काल मौक़े से फरार हो गया, पुलिस टीम कों प्रदान की गई सूचना पर थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त ऑटो एवं ऑटो चालक की समस्त जानकारिया यातायात शाखा से प्राप्त कर तत्काल घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फूटेज चेक कर ऑटो चालक की घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाया गया, पूछताछ मे ऑटो चालक द्वारा अपना नाम सूरज रवि उम्र 32 वर्ष साकिन मिशन चौक अम्बिकापुर का होना बताया, अनावेदक से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर शराब के नशे मे युवती कों ऑटो मे बैठाकर तय स्थान से आगे बढाकर छोड़ने लड़ाई झगड़ा कर वाद विवाद करने एवं अधिक किराये की मांग करना स्वीकार किया गया, मामले मे उक्त ऑटो चालक सूरज रवि के विरुद्ध थाना गांधीनगर मे इस्तगासा क्रमांक 116/24 धारा 151 द.प्र.सं. कायम कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई हैं, साथ ही ऑटो चालक के कब्जे से ऑटो वाहन क्रमांक सीजी/15/डीएक्स/2093 कों जप्त कर ऑटो चालक द्वारा शराब पीकर वाहन चलाये जाने पर ऑटो चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत मामला दर्ज कर कर प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक रश्मि सिंह, सहायक उप निरीक्षक राकेश मिश्रा, आरक्षक सत्यम सिंह, बृजेश राय, वीरेंद्र पैकरा शामिल रहे।



# ट्रांसफार्मर में लगी आग,यातायात प्रभावित

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।** आज शाम 5:00 बजे बनारस रोड में बीती के सामने मुख्य मार्ग के किनारे स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग जाने के कारण तेज विस्फोट से आपकी लफ्ट आसपास फैलने लगी जिससे बड़ी मुश्किल से बुझाया जा सका इस ट्रांसफार्मर की चपेट में आसपास के पेड़ बिजली तार के आने से उनमें भी आग लगी इस दौरान सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कटारे लग गई काफी देर तक वहां पर दमकल कर्मी और पुलिसकर्मी नहीं पहुंच सके विद्युत विभाग गांधीनगर में तत्काल मौके पर पहुंचकर विद्युत प्रवाह बंद कर आज पर काबू पाने का प्रयास किया।

# नशे में दुर्व्यवहार के लिए निलंबित किए गए लॉर्ड कुलवीर रेंजर,बार में प्रवेश पर बैन की भी अनुशंसा

**लंदन,17 मई 2024।** हाउस ऑफ लॉर्ड्स में ब्रिटिश सिख सहकर्मी लॉर्ड कुलवीर रेंजर को नशे में दुर्व्यवहार के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस बाबत,ब्रिटेन की संसद की आचरण समिति ने अपनी रिपोर्ट भी जारी कर दी है। इस रिपोर्ट में आचरण समिति ने कहा है कि ब्रिटिश सिख सहकर्मी लॉर्ड कुलवीर को हाउस ऑफ लॉर्ड्स में नशे की घटना के बाद धमकाने और उत्पीड़न पर आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ऐसे में उन्हें तीन सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, एक साल के लिए उनके संसद के बार में भी प्रवेश पर रोक लगाने की भी अनुशंसा की गई है।

जानकारी के मुताबिक, अपने आचरण के लिए लॉर्ड कुलवीर रेंजर ने माफी भी मांगी है। अब अगले महीने की शुरुआत में सदन की बैठक फिर से शुरू होने के बाद मंजूरी के निष्कर्षों पर सहमति के लिए उनकी रिपोर्ट अब लॉर्ड्स के समक्ष पेश की जाएगी। इस रिपोर्ट में काफी विस्तार से बताया गया है कि कैसे दो



शिकायतकर्ताओं पर उन्होंने अनुचित टिप्पणियां की और उन्हें धमके देने के साथ ही उनकी पिटाई भी की।

समिति की यह रिपोर्ट हाउस ऑफ लॉर्ड्स के मानक आयुक्त मार्टिन जेली के नतीजों पर आधारित है। उन्होंने घटना के बाद निष्कर्ष निकाला था कि कुलवीर रेंजर ने संसदीय आचार संहिता के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन किया है। इससे पहले, शिकायतकर्ताओं, आचार संहिता के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन किया है। इससे पहले दोनों शिकायतकर्ताओं ने 17 जनवरी की घटना के बाद फरवरी में रेंजर के व्यवहार के बारे में शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि जब वे लॉर्ड्स में स्ट्रेंजर्स बार में थे उस वक्त कुलवीर रेंजर ने बिना उनको जाने उनके पास आए। इस दौरान दोनों ने उनसे बात की। हालांकि वह बेहद नशे में धुत लग रहे थे। इस दौरान कुलवीर दोनों शिकायतकर्ताओं पर चिल्लाया और गाली देकर उनके निजी स्थान पर हमला कर दिया। इसके बाद वहां मौजूद अन्य लोगों ने रेंजर को बार से बाहर निकाला।

# हमारे हथियार किसी को बिक्री के लिए नहीं,किम जोंग की बहन ने खारिज किया अमेरिका का दावा

**प्योंगयांग,17 मई 2024।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन की बहन ने रूस को हथियार देने के अमेरिका के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच किसी भी तरह का सैन्य सहयोग नहीं है। किम की बहन ने कहा कि उनके देश के हथियार रूस या किसी अन्य देशों के लिए बिक्री के लिए नहीं हैं, बल्कि वे दक्षिण कोरिया से बचाव के लिए हैं। बता दें कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया पर रूस को सैन्य सहयोग के साथ ही हथियार देने के आरोप लगाते रहे हैं।



उनका यह बयान तब आया है जब गुरुवार को अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध के बीच प्योंगयांग और मॉस्को के बीच सैन्य उपकरणों के हस्तांतरण में शामिल होने के लिए तीन रूसी संस्थाओं और दो रूसी व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाया। इतना ही नहीं अमेरिका ने यह दावा भी किया था कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में रूस के युद्ध का समर्थन करने के लिए उसे हथियारों की आपूर्ति की है।

**अमेरिका ने लगाया था प्रतिबंध**

गौरतलब है कि अमेरिका ने रूस और उत्तर कोरिया के कई सहयोगियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा,रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से जारी युद्ध के दौरान उत्तर कोरिया और रूस के बीच सैन्य उपकरणों की सप्लाई करने के आरोपी पांच व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। गुरुवार को जारी बयान में अमेरिका ने यह भी दावा किया कि रूस ने यूक्रेन के साथ युद्ध छेड़ने के लिए उत्तर कोरिया पर भरोसा जताया। अमेरिका के मुताबिक रूस और कोरिया के संबंध वैश्विक सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार व्यवस्था के लिए व्यापक खतरा पैदा करते हैं।

बता दें कि उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी तरह के हथियार या सैन्य उपकरणों की खरीद-बिक्री पर यूएन पाबंदी लगा रखी है। साथ ही अमेरिका और उसके अन्य सहयोगी पश्चिमी देश रूस पर उत्तर कोरिया से सैन्य प्रौद्योगिकी और आर्थिक सहायता के बदले में यूक्रेन युद्ध के लिए तोपखाने,मिसाइल और दूसरे हथियार खरीदने के आरोप लगाते रहे हैं।

### किम यो जोंग ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने कहा कि ये आरोप बेबुनियाद हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) का हवाला देते हुए बताया कि उन्होंने कहा कि हमारी सैन्य तकनीकी क्षमताओं को किसी भी देश में निर्यात करने या उन्हें जनता के लिए खोलने का कोई इरादा नहीं है। किम ने दक्षिण कोरिया-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि कई रॉकेट लांचर और मिसाइलों सहित उत्तर कोरिया के सामरिक हथियारों का उद्देश्य दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना बचाव है।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में इजरायल को हथियार आपूर्ति से संबंधित विधेयक पारित



**वाशिंगटन,17 मई 2024।** अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा ने एक विधेयक पारित किया है जो राष्ट्रपति जो बाइडन को इजरायल को रोकी गई हथियारों की आपूर्ति दोबारा शुरू करने के लिए बाध्य करता है।

गुरुवार को पारित इस विधेयक के पक्ष में 224 मत पड़े जिसमें 208 रिपब्लिकन सांसदों के और 16 बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के थे। हालांकि विधेयक का संसद के दूसरे सदन सीनेट में गिरना तय माना जा रहा है क्योंकि वहां डेमोक्रेट सांसद बहुमत में हैं।

बाइडेन ने पहले कहा था कि यदि यह विधेयक कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में पारित हो भी जाता है तो वह इसे वीटो कर देंगे। विधेयक प्रशासन को इजरायल को उन सभी हथियारों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बाध्य करता है जिसके लिए कांग्रेस पहले मंजूरी दे चुकी है।

अमेरिका ने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर पर इजरायली हमले के कारण यहूदी राष्ट्र को गोला-बारूद की आपूर्ति रोक दी है। ह्वाइट हाउस ने साफ-साफ कहा है कि वह राफा शहर पर बड़े पैमाने पर इजरायली सेना के हमले के खिलाफ है, जहां गाजा पट्टी के विस्थापित लोग भारी संख्या में मौजूद हैं।

बाइडेन ने पिछले सप्ताह इजरायल को चेतावनी दी थी कि यदि उसकी सेना राफा में प्रवेश करती है तो इसका असर हथियारों की आपूर्ति पर पड़ेगा। हालांकि बाद में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अमेरिका इजरायल के साथ है और यह बात सिर्फ इस एक आपूर्ति के बारे में है।

# पुतिन के चीन दौरे पर ताइवान के रक्षा मंत्री की चेतावनी, चीन-रूस की विस्तारवादी नीति को आड़े हाथ लिया

**जेरुसलम,17 मई 2024।** हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन का दो दिवसीय दौरा किया। इसके बाद ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू का कहना है कि रूस और चीन अपनी प्रादेशिक पहुंच को बढ़ाने के लिए एक दूसरे की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देशों को इसका विरोध करना चाहिए क्योंकि चीन और रूस की विस्तारवादी नीति से अन्य देशों के अधिकारों और संप्रभुता को खतरा है।

### चीन दौरे पर गए थे व्लादिमीर पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के चीन के दौरे के बाद ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू का यह बयान सामने आया है। बता दें रूस और यूक्रेन के बीच तनाव चल रहा है। उधर पुतिन और शी जिनपिंग ने पश्चिम के साथ बढ़ते तनाव का बीच अपनी असीमित साझेदारी की पुष्टि की है।



### लोकतांत्रिक देशों से एकजुट होने की किया आह्वान

जोसेफ वू ने दुनिया के तमाम लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होकर यूरोप में चीन और रूस की सैन्य दृढ़ता के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है। बता दें कि चीन ने ताइवान के क्षेत्र पर अपना दावा ठोकते हुए हमले की धमकी दी है। वू ने कहा कि पुतिन की चीन यात्रा से पता चलता है कि दोनों बड़े देश एक दूसरे के कितने मददगार हैं। उन्होंने आगे कहा कि दोनों ही बड़े देश विस्तारवाद की नीति को बढ़ावा दे रहे हैं।

### यूक्रेन हारा तो उत्साहित होगा चीन- जोसेफ वू

ताइवान के रक्षा मंत्री ने पश्चिमी देशों को यूक्रेन का लगातार साथ देने को कहा है। उन्होंने कहा कि इससे रूस को साफ संदेश जाएगा कि लोकतांत्रिक देश एक दूसरे की मदद कर रहे हैं। वू ने आशंका जताई कि अगर यूक्रेन हारा तो चीन उत्साहित हो सकता है। इस तरह से चीन भी अपनी ताकत का विस्तार करने के लिए घातक कदम उठा सकता है।

# अलौकिक घटनाओं के मूल्यांकन मानदंडों में वेटिकन ने किया सुधार, कहा...ये इंटरनेट युग के अनुकूल नहीं



**वेटिकन सिटी,17 मई 2024।** वेटिकन ने अलौकिक घटनाओं का मूल्यांकन करने के मानदंडों में सुधार किया है। वेटिकन के सिद्धांत कार्यालय ने कहा है कि इंटरनेट के जमाने में ये मानदंड अब उपयोगी नहीं रह गए हैं। वेटिकन ने कहा कि आजकल भूत-प्रेत के बारे में अफवाहें तेजी से फैलती हैं। इससे सामान्य लोगों को हानि भी हो सकती है। इतना ही नहीं धोखेबाज लोगों की मान्यताओं से ठगी करने भी कोशिश करते हैं। वे लोगों की आस्था का गलत फायदा उठाकर उससे पैसा कमाने की भी कोशिश कर रहे हैं।

वेटिकन ने शुक्रवार को इस बात पर अंतिम निर्णय लेने पर जोर दिया कि क्या ये घटनाएं आस्था के योग्य हैं। साथ ही वहां के सिद्धांत कार्यालय ने 1978 में पहली बार जारी किए गए मानदंडों में बदलाव भी किया। वेटिकन ने बताया कि नए मानदंडो में कैथोलिक चर्च की मूल्यांकन प्रक्रिया को फिर से परिभाषित किया गया है। इसमें कहा गया है कि भूत-प्रेत से जुड़ी किसी भी घटना को अब चर्च के अधिकारी अलौकिक नहीं घोषित करेंगे।

कैथोलिक चर्च का एक लंबा और विवादास्पद इतिहास रहा है जिसमें लोगों का दावा है कि उन्होंने वर्जिन मैरी, खून के आंसू रोती हुई मूर्तियां के दर्शन किए हैं। चर्च के जिन लोगों ने वर्जिन मैरी के दर्शन करने का दावा किया है, उनमें पाद्रे पियो और पोप फ्रांसिस के साथ ही असीसी के सेंट फ्रांसिस का नाम शामिल है। इन लोगों ने लाखों कैथोलिकों को प्रेरित किया है।

# चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत की तकनीकी सहायता बेहद अहम,बोलीं राष्ट्रमंडल महासचिव

**लंदन,17 मई 2024।** राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने भारत की तकनीकी सहायता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल के लिए भारत की तकनीकी सहायता बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि इससे कई विकासशील देशों को विकास संबंधी चुनौतियों से पार पाने की काफी उम्मीद मिलती है, जिन्हें भारत पहले ही स्वीकार कर चुका है और उनसे आगे निकल चुका है।

### राष्ट्रमंडल शिक्षा मंत्रियों का 22वां सम्मेलन

56 सदस्यीय संगठन की महासचिव ने यह बयान लंदन में राष्ट्रमंडल शिक्षा मंत्रियों के 22वें सम्मेलन की मेजबानी के दौरान दिया। बता दें,सम्मेलन का विषय समावेशी भविष्य के लिए लचीलापन,समानता और कौशल को बढ़ावा देना था। स्कॉटलैंड ने



राष्ट्रमंडल के साथ एक खुले स्रोत तरीके से तकनीकी विकास साझा करने की भारत की इच्छा का स्वागत किया और संगठन के शैक्षिक लक्ष्यों के प्रति अधिक प्रतिबद्धता की उम्मीद की।

लंदन में राष्ट्रमंडल सचिवालय मार्लबोरो हाउस मुख्यालय में गुरुवार को दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। इस दौरान स्कॉटलैंड ने मंत्रियों से शिक्षा तक पहुंच में बाधा डालने वाली बाधाओं को दूर करने,प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और जीवनभर सीखने की इच्छा को प्रोत्साहित करने में मदद करने का आह्वान किया।

### खुले स्रोत के रूप में साझा...

उन्होंने आगे कहा, भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह अपने तकनीकी विकास को अपने राष्ट्रमंडल परिवार के साथ साझा करने को तैयार है और इसे खुले स्रोत के रूप में साझा करना चाहता है।

### कई विकासशील देशों के लिए उम्मीद की किरण

राष्ट्रमंडल महासचिव ने कहा कि कई विकासशील देशों के लिए यह उम्मीद की किरण है क्योंकि तकनीकी विकास उन्हें उन विकास संबंधी चुनौतियों से पार पाने में सक्षम बनाता है, जिन्हें भारत पहले ही झेल चुका है और उससे आगे निकल चुका है। अभी तक उन्होंने हमें जो कुछ भी बताया है, मैं उसके लिए भारत सरकार का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी और मैं इस बात को लेकर आश्वस्त होना चाहती हूं कि हम भारत की ओर से आगे बढ़ने के लिए किए गए वित्तीय और अन्य तरह के योगदान पर भरोसा कर सकते हैं।

### कैलाश सत्यार्थी ने कही यह बात

वहीं,सम्मेलन में समाज सुधारक और नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस दौरान पिछले 15-20 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में भारत की तरक्की पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, दयालु बुद्धि निस्वार्थ, वास्तविक समस्या-समाधान है। समस्या हल करने वालों और समस्या पीड़ितों के बीच अंतर एक गंभीर सवाल उठाता है। शिक्षा मंत्री और शिक्षा क्षेत्र यह सुनिश्चित करने में नेतृत्व की भूमिका निभा सकते हैं कि हमारे बच्चे करुणा बुद्धि विकसित कर सकें और बढ़ते विभाजन व भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कम कर सकें।

# पुलिस लाईन बलरामपुर में संचालित फोर्स एकेडमी के जरिए तैयारी कर रहे युवाओं को आईजी ने दिया टिप्स...रिकॉर्ड संधारण में लापरवाही पर वाहन शाखा प्रभारी को फटकारा

**» आईजी ने जिला बलरामपुर रामानुजगंज का किया वार्षिक निरीक्षण**

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,17 मई 2024 (घटती-घटना)।**

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग द्वारा आज शुक्रवार को जिला बलरामपुर रामानुजगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र बलरामपुर में परेड कि सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया । परेड निरीक्षक दौरान आईजी द्वारा प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारीयों के टर्नआउट का निरीक्षण एवं टोलीवार परेड कराया गया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। परेड निरीक्षण के दौरान आईजी महोदय द्वारा किट परेड निरीक्षण किया गया जिसमें कर्मचारियों को उन्हें प्राप्त किट सामाग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त किए।

वार्षिक निरीक्षण दौरान रेंज आईजी द्वारा रक्षित केंद्र के वाहन शाखा का विधिवत निरीक्षण किया गया। जिसमें शासकीय वाहनों की अद्यतन स्तिथि,रख रखाव एवं लाक बुक सहित उनके दस्तावेजों का विस्तृत अवलोकन किए। जिसके दौरान रिकॉर्ड संधारण में त्रुटियां/कमियां पाए जाने पर वाहन शाखा प्रभारी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि यथाशीघ्र रिकॉर्ड संधारित करने हेतु रक्षित निरीक्षक एवं वाहन शाखा प्रभारी को सख्त निर्देश दिए। रक्षित केंद्र के स्टोर शाखा में रखे सामग्रियों के रख रखाव एवं सही समय पर जवानों को वितरण हेतु निर्देश दिए एवं अन्य उपयोगी उपकरणों को समय समय पर मरम्मत कराने एवं मेंटेन रखने हेतु निर्देश दिए। साथ ही आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ सफाई व मेंटेन रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। रक्षित केंद्र में जवानों के वेल फेयर हेतु संचालित कैंटीन, पुलिस यूनिट बैंक द्वारा अधिकारी/कर्मचारीयों को आवश्यकतानुसार समय समय पर लाभ पहुंचाने के संबंध में रक्षित निरीक्षक को दिशा निर्देश दिया।





वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में एवं रक्षित निरीक्षक बलरामपुर विमलेश कुमार देवांगन के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित इलाकों के युवाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी हेतु पुलिस लाईन बलरामपुर में निः शुल्क संचालित फोर्स एकेडमी के द्वारा युवाओं को फिजिकल तैयारी एवं कक्षाएं संचालित कर हर संभव मदद करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिए जा रहे हैं। फोर्स एकेडमी के युवाओं से रूबरू होते हुए रेंज आईजी द्वारा अपने उद्बोधन में बोले कि पुलिस विभाग में आरक्षक प्रथम स्तंभ होता है जो बहुत सारी कठनाइयों का सामना करते हुए जनता के बीच हमेशा सम्पर्क में रह कर लोगो की सुरक्षा प्रदान करता है। पुलिस लाईन में फोर्स एकेडमी के जरिए तैयारी कर रहे युवाओं द्वारा आईजी महोदय से भर्ती प्रक्रिया से संबंधित पूछे गए सवालों का बहुत ही विनम्रता से उनके सवालों का उतर देते हुए बोले कि मुझे उम्मीद है कि आप सभी युवा यहां के सिखलाए गए गुर को लगन व मेहनत अर्जित कर राज्य में होने वाले पुलिस भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में अधिक से अधिक नवजवान सफल हो। इसके अलावा उन्होंने फोर्स एकेडमी के सभी युवाओं को तैयारी में उपयोगिता होने वाले किताब को वितरण किए।

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर कार्यो का बारीकी से किए निरीक्षण**

रक्षित केंद्र बलरामपुर का निरीक्षण उपरांत रेंज आईजी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का बारीकी से भ्रमण करते हुए कार्यो का बारीकी से किए निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के शाखाओं के कार्यो में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी किए गए पत्रों का त्वरित निराकरण करने हेतु मुख्य लिपिक को निर्देश दिए।वार्षिक निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ. लाल उमेद सिंह (भा.पु.से.),अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलरामपुर निमेश कुमार बरैया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्स सैलेंद्र ठाकुर, एसडीओपी आजाक राजेंद्र खूटे,एसडीओपी कुसमी एमानुएल लकड़ा,रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन सहित समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं आईजी स्टेनो पुस्पेंद्र शर्मा, रीडर सुभाष ठाकुर उपस्थित रहें।

**दरबार में अधिकारी/कर्मचारियों से रूबरू होते हुए सुनी गई उनकी समस्या**

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग के सतत मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व मे रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन द्वारा रक्षित केंद्र बलरामपुर में पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों से रूबरू होते हुए रेंज आईजी द्वारा उनके समस्याएं सुनी गई। जिस दौरान अधिकारी/कर्मचारीयों द्वारा दरबार में अपने प्रमोशन, स्थानांतरण जैसे अपनी समस्याओं को पेश किया। उनके समस्या का निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए। दरबार के दौरान रेंज आईजी द्वारा अपने उदबोधन में भारतीय संसद द्वारा पारित 1 जुलाई 2024 से भारत सरकार द्वारा नये कानून भारतीय दण्ड संहिता में संशोधन नवीन भारतीय न्याय व्यवस्था और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नियमों के बारे में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों बीच जानकारी दी दिए साथ ही उन्होंने कहा कि इस संबंध में हमारे राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारियों को नए कानून के जानकारी व सिखलाई हेतु वृहद पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यशाला कराया जाना है।



# आखिरकार खबर प्रकाशन के बाद आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगरोगन का काम फिलहाल हुआ बंद

## अचार संहिता तक काम बंद रखने की मिल रही खबर

**महिला एवं बाल विकास मंत्री का रिश्तेदार करा रहा था आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगरोगन का काम,3000 के स्थान पर 1000 रूपये का होना था भुगतान...**

**छात्र हित का काम छोड़ राजनीति और ठेकेदारी की राह पकड़ा एबीवीपी का छात्रनेता**

**जिले में एबीवीपी छात्र संगठन को कमजोर करने का श्रेय भी मंत्री के रिश्तेदार को ही**

**कोरिया नही बल्कि राजधानी के दौरे पर रहता है जिम्मेदार पदाधिकारी...**







-रवि सिंह-
कोरिया,17 मई 2024 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में खुद को मंत्री का रिश्तेदार बतलाकर रंगरोगन का काम करने वाला युवक छात्र संगठन एबीवीपी का जिम्मेदार पदाधिकारी भी है,वह इन दिनों सत्ता के नशे में चूर है और छात्र हित का काम छोड़ राजनीति और ठेकेदारी का काम मन लगाकर कर रहा है,गलत तरीके से अधिकारियों पर दबाव बनाकर उसके द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के रंगरोगन का काम लिया गया था और उसे स्वीकृत राशि से आधे से भी कम राशि पर दूसरे पेंटर को दे दिया गया था। स्थानीय स्तर पर शिकायत एवं घटती घटना अखबार में खबर प्रकाशन के बाद मंत्री के उक्त तथाकथित भाई ने आखिरकार फिलहाल काम बंद करा दिया है। केन्द्रों में घटिया स्तर का रंगरोगन का काम किया जा रहा था। मंत्री के रिश्तेदारों द्वारा मचाई जा रही लूट के कारण अब मंत्री की किरकिरी भी हो रही है।

### घटिया स्तर का हो रहा था रंगरोगन काम

कोरिया जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के तथाकथित भाई केशव राजवाड़े के द्वारा रंगरोगन का काम अधिकारियों पर दबावपूर्वक लिया गया था,प्रति आंगनबाड़ी के कार्य हेतु 3000 रूपये स्वीकृत है जबकि केशव राजवाड़े द्वारा स्थानीय एक पेंटर को मात्र 1000 रूपये की दर से काम दिया गया था समझा जा सकता है इतने कम दर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में किस स्तर का काम किया जा रहा था।

### खबर प्रकाशन के बाद काम में लगा ब्रेक

कोरिया के आंगनबाड़ी केन्द्रों में मंत्री के भाई द्वारा काम किया जा रहा था, काम में भाई भतीजावाद स्पष्ट दिखलाई दे रहा था। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं द्वारा भी इसका विरोध किया जा रहा था, जिसे लेकर घटती घटना अखबार ने पिछले अंक में खबर का प्रकाशन किया था। सूत्रों के द्वारा बतलाया जा रहा है कि खबर प्रकाशन के बाद युवक के हाथ पांव तो फूलने लगे थे साथ ही उसके द्वारा ईधर उधर कॉल करके खुद की दादागिरी बतलाई जा रही थी। रिश्तेदार द्वारा काम किये जाने की खबर से मंत्री की किरकिरी भी हो रही थी। जिसके बाद युवक द्वारा फिलहाल काम बंद करा दिया गया है और अचार संहिता खत्म होने के बाद फिर से काम शुरू करने की बात कही जा रही है।

### छात्रों की समस्या से नही सरोकार,राजनीति और ठेकेदारी में उतरा युवक

महिला एवं बाल विकास मंत्री का तथाकथित भाई केशव राजवाड़े जो कि छात्र संगठन एबीवीपी का जिम्मेदार पदाधिकारी भी है बतलाया जाता है कि उसके द्वारा प्रदेश में भाजपा की सरकार आने और लक्ष्मी राजवाड़े के मंत्री बनने के बाद से छात्रों की समस्या को लेकर कोई कदम नही उठाया जाता बल्कि अब वह राजनीति और ठेकेदारी के काम में मस्त है। मंत्री के साथ डायरी और पेन पकड़कर वह अनाधिकृत रूप से खुद को निज सहायक बतलाते घुमता है और गलत तरीके से उसका लाभ भी उठाता है। युवक छात्र संगठन का जिम्मेदार पदाधिकारी तो है लेकिन उसके द्वारा छात्र संगठन का काम छोड़ हर दूसरा काम किया जाता है,जिससे कि आज कोरिया जिले में छात्र संगठन भी कमजोर नजर आने लगा है। युवक द्वारा छात्र संगठन का काम धरातल पर छात्रों के बीच नही किया जा रहा है जिससे कि छात्र भी इस संगठन से किनारा कर चुके हैं इसका सारा श्रेय इसी युवक पर जाता है। एबीवीपी के प्रांतीय पदाधिकारियों को भी इस विषय पर संज्ञान लेने की जरूरत है।

### मंत्री के सामने खुद को सुपर बतलाने में माहिर...

युवक केशव राजवाड़े कोरिया जिले का ही निवासी है,और महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का चचेरा भाई है। सूत्रों ने बतलाया कि लक्ष्मी राजवाड़े के मंत्री बनने के बाद से ही यह युवक जोंक की तरह चिपका हुआ है और मंत्री के हर काम में जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप करता है। मंत्री को उटपटांग सलाह देता है और खुद को सुपर बतलाने की कोशिश करता है। अनुभव हीन युवक मंत्री को ऐसे ऐसे सलाह देते फिरता है जिससे मंत्री की किरकिरी हो रही है। युवक जब भी कोरिया जिले आता है तो खुद को मंत्री का खास बतलाते हुए धौंस भी दिखलाते फिरता है। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि युवक के द्वारा मंत्री की आंखो में धूल झोंकते हुए प्रदेश के कई जिलों में जाकर महिला एवं बाल विकास विभाग में समान सप्लाई हेतु भी व्यापारियों को सेट किया जा रहा था और गलत तरीके से लाभ की बात की जा रही थी। युवक के चाल व्यवहार से मंत्री के विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भी खासा आक्रोश देखा जा रहा है। ऐसे स्वार्थी और अति उत्साही रिश्तेदारों के कारण मंत्री की साख भी गिर रही है, लंबी राजनीति हेतु मंत्री को भी ऐसे रिश्तेदारों से सतर्क रहने की जरूरत है,अन्यथा नैया डूबने में वक्त नही लगेगा।

**दो दिन पहले पीएम मोदी के खिलाफ कटाक्ष करते हुए पोस्ट में लिखा था फोटो के लिए कुछ भी करेगा साला**

# खबर छपी तो कांग्रेस नेता ने बदला सुर,पोस्ट एडिट करते हुए लिखा...पुष्पा फिल्म का डायलॉग था...







-रवि सिंह-
कोरिया,17 मई 2024
(घटती-घटना)।
कांग्रेस कमेटी के शिवपुर चरचा ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अजीत लकड़ा ने सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कटाक्ष करते हुए पोस्ट करते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया था,पोस्ट को देखने के बाद भाजपाईयों ने जरूर मित्रता निभाई और उसे संज्ञान में नही लिया लेकिन घटती-घटना के पत्रकार के जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए शुक्रवार के अंक में खबर का प्रकाशन किया था जिसके बाद कांग्रेस नेता ने सुर बदलते हुए सफाई पेश किया है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया




में ही सफाई दिया और कहा कि यह फिल्म का डायलॉग था। उसके बाद आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए पोस्ट भी एडिट किया गया है। हलांकि तब तक प्रकाशित खबर और वास्तविक पोस्ट कई लोगो तक वायरल हो चुका था।

### कांग्रेस नेता ने यह लिखा था पोस्ट में

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों देश भर में चुनावी दौरे कर रहे हैं वे पिछले दिनों पटना साहिब में गुरूद्वारें गए हुए थे और मत्था टेकने के बाद सेवादारों की तरह सेवा भी किया था। इसी मौके की तस्वीर को पाकर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत लकड़ा ने अपने सोशल मीडिया में डाला और लिखा कि बीड़ी जिगर से जल सकता है लेकिन बिना चूल्हा जलाए दाल कैसे बन सकता है, फोटो के लिए कुछ भी करेगा ÷साला÷। ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा किये गए उक्त पोस्ट के बाद कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ताओं ने भी पीएम के खिलाफ उटपटांग शब्दो का प्रयोग किया है।

### खबर प्रकाशन होते ही बदला सुर...पोस्ट हुआ एडिट

कांग्रेस नेता द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए पोस्ट किया गया था और खबर का प्रकाशन घटती घटना अखबार ने प्रमुखता के साथ किया,जिसके बाद खबर वायरल होते ही कांग्रेस नेता ने पहले सोशल मीडिया में सफाई पेश किया और उसके बाद वास्तविक पोस्ट एडिट किया है। कांग्रेस नेता ने पहले लिखा कि पुष्पा फिल्म के डायलॉग को इतना सीरियस ले लिये दोस्तो,चलिए एडिट कर देता हूं। इसके बाद वास्तविक पोस्ट को एडिट करते हुए फोटो के लिए कुछ भी करूंगा मित्रों किया गया है। जाहिर सी बात है देश के अन्य कांग्रेसी नेताओं की तरह गंदी मानसिकता का परिचय देते हुए उक्त कांग्रेसी नेता द्वारा भी देश के संवैधानिक पद पर बैठे नेता के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था, ऐसा प्रतीत होता है जैसे पीएम के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग करने से ही राजनीतिक आकाओं के सामने नंबर बढता है। लेकिन जनता और सभ्य समाज ऐसे शब्दों को कतई स्वीकार नही करता।

### भाजपा नेताओं की दोस्ती समझ से परे...

कोरिया जिले में भाजपाई सोए हुए हैं,कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा पीएम व अन्य नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया में लगातार अपशब्दों का प्रयोग करते हुए टिप्पणी करते हुए पोस्ट किया जाता है, लेकिन कोरिया भाजपा के स्वयंभू यशस्वी जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में कार्यकर्ता एक शब्द बोलना नही चाहते यह गठबंधन समझ से परे है। ऐसा महसूस होता है जैसे भाजपाई भी कांग्रेसी नेताओं के किसी बोझ तले दबे हुए हैं और आपत्तिजनक पोस्ट के बावजूद कुछ बोलना पसंद नही करते। भाजपाईयों द्वारा पीएम समेत कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ पोस्ट करने वाले कांग्रेसी नेताओं से मित्रता निभाना समझ से परे है।

# पत्नी ने आशिक के साथ ही मिलकर रची थी पति की हत्या की साजिश, पत्नी गिरफ्तार आशिक सहित सहयोगी की तलाश








मृतक रईस अहमद

-संवाददाता-
एमसीबी,17 मई 2024
(घटती-घटना)।
नवीन जिले एमसीबी में दिनांक 16 मई को मिले पत्रकार के शव की शिनाख्त जहां तत्काल हो गई थी वहीं पुलिस ने जल्द ही मामले में आरोपियों का भी पता लगा लिया और मुख्य साजिशकर्ता पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है।

बता दें की 16 मई की सुबह मनेंद्रगढ़ पुलिस को सूचना मिली की मौहरीपारा चनवारीडांड मैदान वन विभाग डिपो के पीछे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है,पुलिस ने पहुंचकर जब तस्दीक की तब पता चला की शव रईस अहमद का है और जिसे प्रथम दृष्टया देखने पर यह लगा की उसे लात घूंसो से साथ ही अत्यधिक मारपीट कर वहीं हथियार से वार करके उसे मौत के घाट उतारा गया है। रईस अहमद जिसकी हत्या हुई थी जिसका शव वन विभाग डिपो ग्राउंड के समीप मिला था वह पेशे से पत्रकार था और जिसकी वजह से पुलिस ने मामले को काफी गंभीरता से लिया और हत्या की गुत्थी सुलझाने में तत्काल पुलिस भीड़ गई। मामले में प्राथमिकी मृतक के चचेरे भाई नसीर अहमद ने दर्ज कराई और उसने पुलिस को बताया की मृतक का विवाह 4 से 5 वर्ष पूर्व मौहारपारा निवासी मोहम्मद याकूब की पुत्री सफीना के साथ हुआ था वहीं दोनों की एक तीन वर्ष की पुत्री भी है जो उन्हीं के साथ रहती है। चचेरे भाई ने ही पुलिस को बताया की मृतक की पत्नी 4 से 5 महीने पहले गढ़वा निवासी आलम के लड़के आरजू खान के साथ भाग गई थी और जिसे 1 से डेढ़ माह पहले ही मृतक ने झारखंड जाकर वापस लाया था और वह तभी से पत्नी पुत्री और खुद मौहारीपारा चनवारीडांड में किराए के मकान में रहा करता था। मृतक के भाई ने यह भी आशंका जाहिर की थी की 15 मई की रात ही उसके चचेरे भाई की हत्या की गई होगी और शव को वन विभाग डिपो के मैदान में लाकर रात में ही छोड़ दिया गया होगा। मृतक के चचेरे भाई की प्राथमिकी पर मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 159/24 धारा 302 भादस कायम कर पुलिस ने मामले में विवेचना आरंभ की जिसमे मृतक की पत्नी से जब पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया की उसने आरजू के साथ फोन पर दिनांक 15 मई को ही अपने पति की हत्या की योजना बनाई, मृतक की पत्नी सफ़ीना ने पुलिस को बताया की 15 मई की ही रात 2 बजे आरजू अपनी बुआ के लड़के खुशी के साथ मोटरसाइकल से मनेंद्रगढ़ मौहरीपारा पहुंचा और आते ही उसने मृतक की सफ़ीना को फोन किया जिसके बाद सफ़ीना ने घर का दरवाजा खोला और जिसके बाद दोनों जिसमे अराजू और उसकी बुआ का लड़का खुशी शामिल था ने रईस के कमरे में जाकर रईस अहमद को हांथ,मुक्का, लात सहित धारदार हथियार से घायल करना आरंभ किया और बाद में गमछे से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के हिसाब से शव को ले जाकर वन विभाग डिपो के मैदान के पीछे में रख दिया। मामले में मृतक की पत्नी से हत्या में प्रयुक्त मोबाइल जब्त करते हुए पुलिस ने अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण में धारा 201,120 बी,34 भादवी जोड़ी गई। मृतक की पत्नी को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन हत्या में शामिल आरजू खान और खुशी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस निकल चुकी है और यथा शीघ्र गिरफ्तारी होने की बात कह रही है।

### पूरे मामले को सुलझाने इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

पूरे मामले को सुलझाने में पुलिस अधीक्षक एमसीबी चंद्रमोहन सिंह का निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर एवम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ए टोप्पो का मार्गदर्शन पुलिस टीम को प्राप्त हुआ। मामले को सुलझाने की कार्यवाही में निरीक्षक अमित कश्यप थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़, उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, सऊनि चेतन राजवाड़े, विजय शर्मा,किशन चौहान, नईम खान प्रधान आरक्षक, इस्तियाक खान, मुमताज खान, हेमंत मिंज,पुष्कल सिन्हा, राकेश शर्मा, विनकी बहालेन एक्का, आरक्षक जितेंद्र ठाकुर,भूपेंद्र यादव,राकेश तिवारी, रवि साहू, हिरत राम, महिला आरक्षक साधना सरोज एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डॉडकरवाँ में प्रवेश के लिए लॉटरी सिस्टम से विद्यार्थियों का हुआ चयन

-संवाददाता-
प्रतापपुर 17 मई 2024
(घटती-घटना)।
विकासखंड के डॉडकरवाँ में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विभिन्न कक्षा में रिक्त सीटों पर प्रवेश लॉटरी के माध्यम से किया गया। यह लॉटरी सिस्टम जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में ,प्रवेश समिति के अध्यक्ष श्रीमती ललिता भगत अनुविभागीय अधिकारी प्रतापपुर सचिव/प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रविन्द्र नाथ यादव




,विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर मुन्नु सिंह धुर्वे तथा प्रवेश प्रभारी निष्ठा सिंह चंद्रमुखी पटेल सुधा साहू । प्रवेश समिति के सदस्य व्याख्याता महेंद्र पटेल,विद्यालय के स्टॉफ अलका सिंह चौहान तनु सिंह नेहा मिश्रा संदीप जयसवाल आशुतोष पटेल सुशील खाखा एवं पालकगण की उपस्थिति में पूरी प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ की गई। ज्ञात हो की प्रवेश के लिए प्रवेश फॉर्म 10 अप्रैल 2024 से 10 मई 2024 तक तथा दावा आपत्ति 14मई 2024 तक आमंत्रित किए गए थे तत्पश्चात आज दिनांक 16 मई 2024 को लाटरी पद्धति से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई।विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र नाथ यादव ने बताया कि रिक्त सीटों पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार लॉटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई है । तथा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र ,कक्षा 10 वीं प्रियांशु गुप्ता 82.2 प्रतिशत, परमेश्वर 81.3 प्रतिशत 12 वीं से कुमारी छटन 87.8 प्रतिशत एवं कुमारी सविता 77तको प्रशस्ति पत्र देकर एवं लड्डू खिला कर अनुविभागीय अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य के द्वारा सम्मानित किया गया इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकगण सहित पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

CMYK

# वन विभाग ने जंगल में व्यस्क तेंदुए की लाश एवं अंग गायब की घटना में लिप्त तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,17 मई 2024
(घटती-घटना)।

कटघोरा वन मंडल क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में व्यस्क तेंदुए की लाश मिलने और उसके अंग गायब होने के मामले का खुलासा वनविभाग ने किया । बताया गया की तेंदुआ को जहर देकर मारा गया जिसमे वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। आरोपियों को पकड़ने में पुलिस डॉग की रही अहम भूमिका । तीनों आरोपी तेंदुए के दांत और नाखून समेत पकड़ लिए गए है । इनमें से दो पिता पुत्र हैं, जिन्होंने अपने बछड़े के शिकार से नाराज होकर तेंदुए को जहर देकर मारा । वहीं कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे तीसरे आरोपी ने



जंगल में तेंदुए का शव पड़ा देखा। इस मौके का फायदा उठाकर वह उसके दांत, नाखून और चमड़ी काट ले गया।

बता दे की ग्राम राहा के जंगल में बुधवार की सुबह 11 बजे ग्रामीणों ने एक तेंदुए की लाश को देखा. उसके छह नाखून दो दांत व पीठ से चालीस बाय पचास सेंटीमीटर चमड़ी निकाल ली गई थी। घटना स्थल से कुछ दूर कटी हुई पूंछ वन विभाग ने बरामद किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेंदुए को जहर देकर मारने की पुष्टि हुई थी। वन अधिनियम प्रावधानों के तहत तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया। गुरुवार को वन विभाग की टीम ने घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र को फिर से खंगालना शुरू किया। इस दौरान एक गाय के बछड़े का शव मिला। जिसके आधे से अधिक भाग को जंगली जानवर ने खा लिया था। अधिकारियों को तभी संदेह हो गया था कि बछड़े में ही जहर देकर तेंदुए को मारा गया है। इसकी पुष्टि उस वक्त हो गई जब डाग स्क्वायड की टीम घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर ग्राम भवरदा निवासी गोविंद सिंह गोंड 52 वर्ष के घर जाकर रूका। पूछताछ करने पर उसने स्वीकार कर लिया कि मृत मिला बछड़ा उसका है और तेंदुए के शिकार किए जाने से वह आक्रोशित था। बदला लेने के लिए उसने अपने पुत्र लाल सिंह 23 वर्ष के साथ बछड़े के शव में ही जहरीला जड़ी बूटी व फोरेट छिड़क दिया था। वन विभाग ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। वहीं तेंदुए के अंग गायब होने को लेकर संशय बनी हुई थी की आखिर किसने तेंदुए के दांत और नाखूनों समेत लापता हुए अंगों को गायब किया क्योंकि आरोपियों का कहना है कि उन्होंने तेंदुए को जहर देकर मारा जरूर पर उसके अंग काटकर कौन ले गया, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद फिर वन विभाग के अधिकारियों ने पतासाजी शुरू की तो मिसिया दर्रीपारा में रहने वाले रामप्रसाद सिंह 44 वर्ष का पता चला। टीम उसके घर पहुंची और तलाशी ली। तब घर में जानवर पकड़ने के उपयोग में आने वाला जाल मिला। पूछताछ करने पर उसने तेंदुए के अंग निकालने का अपराध स्वीकार कर लिया। पाली रेंजर संजय लकड़ा ने बताया कि जहर देकर मारने वाले तीन लोगों को पुलिस और डॉग स्क्वायड की मदद से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ वन जीव अधिनियिम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# एसईसीएल को ग्रामीणों की चेतावनी मांगे पूरी नहीं हुई तो आचार संहिता के बाद होगा चौक में चक्काजाम

-संवाददाता-
प्रतापपुर,17 मई 2024
(घटती-घटना)।

एसईसीएल के मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर को कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौप विभिन्न समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। मांगे पूरी नहीं होने पर आचार संहिता के बाद चौक में चककाजाम करने की भी चेतावनी दे दी है ।

पूर्व जनपद सदस्य सुरेश चक्रधारी के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम से नयाब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि एसईसीएल की मनमानी आए दिन बढ़ते ही जा रही है ग्रामीणों द्वारा सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम खड़गवांकला के महान पुल से एस.ई.सी.एल. के भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे पुल के दोनो तरफ धुल एवं कोयले का डस्ट जमा हो गया



है तथा थोड़ी सी बारीस होने पर एक तरफ पानी का भराव हो जाता है। नया बने पुल का हालत भी जर्जर हो गया है, जिसमें जगह-जगह पर छड़ निकल गये हैं जिसका रख रखाव नही हो रहा है । वहीं खड़गवांकला के मांझा पारा से लेकर ग्राम पम्पापुर तक कोल परिवहन के चलते भारी मात्रा में धुल व डस्ट उड़ते रहता है जिस हेतु कभी कभी एस.ई.सी.एल.द्वारा पम्पापुर के पास पानी का छिड़काव कर दिया जाता है। किन्तु महानपुल से ग्राम खड़गवांकला तक भारी घुल व डस्ट उड़ते रहता है जिसका निदान एस.ई.सी.एल. द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिस हेतु ग्राम पम्पापुर से खड़गवांकला मांझापारा तक सड़क की नियमित धुलाई अथवा नियमित रूप से कम से कम दिन में 3 बार पानी का छिड़काव करना आवश्यक है। पम्पापुर से खड़गवांकला तक भारी वाहनों व आम लोगों का आवागमन होता है,रात्रि में अंधकार की वजह से कई बार दुर्घटना व राहजनी का शिकार होना पड़ता है यदि ग्राम खड़गवां से लेकर महान पुल तक स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था हो जाये तो ग्रामीणों व आमजन को आवागमन में भारी सुविधा हो जायेग खड़गवांकला के मांझापारा के निवासियों का जन-जीवन कोयला के गाड़ी चलने व उसके द्वारा उड़ते हुए डस्ट के कारण अस्त-व्यस्त हो गया है, तथा यहां के आस-पास के निवासियों का सदैव स्वास्थ्य खराब होते रहता है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य हेतु एस.ई.सी.एल. के वेलफेयर मद से अस्पताल का निर्माण व योग्य डाक्टर की नियुक्ति हो जाने से क्षेत्र एवं आस पास के ग्रामीणों को सुविधा मिल सकेगी । इन सभी मांगों के अलावा पूर्व में भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के माध्यम से ज्ञापन देकर समस्याओं से अगर कराया जा चुका है लेकिन फिर भी एस ई सी एल द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई इन सबको लेकर पुनः ज्ञापन सौपी गई है आचार संहिता से पहले मांगे पूरी नहीं होने आचार संहिता के बाद केरता चौक में चक्काजाम करने की भी चेतावनी दी गई है इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव श्रीवास्तव राजीव गांधी पंचायती राज ग्रामीण संस्था के संभागीय अध्यक्ष त्रिभुवन सिह टेकाम प्रदेशप्रवक्ता अल्पसंख्यक मोहम्मद जीशान खान इमरान अंसारी कवलेश यादव साहित्य अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# मोटरसाइकिल चोरी मामले में बालको पुलिस ने दो आरोपियों को भेजा जेल

-संवाददाता-
कोरबा,17 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा जिले के थाना बालकोनगर के अपराध क्र. 224/24 धारा 379,34 भादवि के मामले सदर के प्रार्थी विरेन्द्र कुमार खुंटे निवासी बालको अम्बेडकर चौक के पास भदरापारा बालको के द्वारा थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बालको कंपनी के अंतर्गत ठेका कंपनी एलएंडटी में हेल्पर के पद पर काम करता है कि दिनांक 21.04.2024 को वह अपने मोटरसाइकिल पैशन प्रो क्रमांक सीजी 12 एडी 7882, को लेकर ड्यूटी हेतु बालको प्लांट के प्रोजेक्ट गेट के पास स्थित पार्किंग में प्रातः 08:30 बजे हेण्डल लाक कर खड़ा करके प्लांट अंदर ड्यूटी करने चला गया तथा ड्यूटी समाप्त होने के बाद शाम 06:20 बजे आकर देखा तो उसकी उक्त मोटर सायकल वहां पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर द्वारा उक्त मोटर सायकल को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवचेना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक कोरबा यू.बी.एस चौहान एवं



नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतीमा मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बालको अभिनव कांत सिंह के नेतृत्व में थाना बालको नगर में चोरों की धर पकड हेतु विशेष टीम तैयार किया गया, जिनके द्वारा दिनांक 15.05.2024 एवं 16.05.2024 के दरम्यानी रात पेट्रोलिंग गस्त दौरान उक्त चोरी गये मोटरसाइकिल में एक व्यक्ति जिसने अपना नाम पूछने पर आकाश भिंगराज बताया मिला तथा उसके साथ साथ एक अन्य मोटरसाइकिल प्लैटिना में राकेश बघेल उर्फ रक्षा नाम का लड़का मिला जिनसे उक्त गाड़ियों के संबंध में पूछताछ करने पर संतुष्टि जनक जवाब नहीं दे सके तथा उक्त गाड़ियों के कागजात भी उनके पास नहीं थे, जो उक्त दोनों को तलब कर थाना लाया गया जिनसे प्रातः समय स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा मिलकर 03 मोटर सायकल एवं 01 स्कूटी को अलग अलग तारिखों में अलग अलग स्थान से चोरी करना बताया । जिनके पास से 03 मोटर साइकल एवं 01 स्कूटी बरामद किया गया एवं दोनो आरोपीयों 01- आकाश भिंगराज पिता सहदेव भिंगराज,उम्र 20 वर्ष, सा. आजाद नगर बालको थाना बालको जिला कोरबा (छ.ग.) 02- राकेश बघेल उर्फ रक्षा पिता स्व. सुखदेवानंद बघेल उम्र 21 वर्ष सा. क्वाटन नंबर ए 596 बालको थाना बालको जिला कोरबा (छ.ग.) को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह, सउनि धनंजय जाटवर,प्र.आर. 336 राजनारायण सिंह, आरक्षक अनिल साहू,हरीश मरवी, सुजित कुरी,शत्रुहन बंजारे का विशेष योगदान रहा है।

# जिले में जेईई एवं नीट की निशुल्क कोचिंग सुविधा

-संवाददाता-
सूरजपुर 17 मई 2024
(घटती-घटना)।




जिले में जेईई एवं नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। जिसके लिए प्रवेश पंजीयन प्रारंभ 18 मई से 30 मई तक होना है। प्रवेश परीक्षा तिथि 08 जून एवं परिणाम की घोषणा 12 जून को किया जाएगा। यह सुविधा सक्षम सूरजपुर निशुल्क कोचिंग जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राष्टीय प्रवेश परीक्षा प्री मेडिकल टेस्ट (नीट) और प्री इंजीनियरिंग (आईआईटी, जेईई मेन्स, एडवांस ) की कोचिंग दी जाएगी। यह कोचिंग सुविधा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा सूरजपुर में दी जाएगी। फॉर्म से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट surajpur.nic.in पर देख सकते है।

# धोखाधड़ी मामले में जेल में बंद चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर की हुई मौत

-संवाददाता-
कोरबा 17 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा जेल में चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर की अचानक तबीयत बिगड़ने से हो गई मौत । बताया जा रहा है के धोखाधड़ी मामले में जगदलपुर जेल में बंद था, जिसे चार दिन पहले ही कोरबा जेल शिफ्ट किया गया था। जानकारी के मुताबिक, मूलतः कोलकाता निवासी विचाराधीन कैदी अबीर कुंडू (57) लंबे समय से बीमार



चल रहे थे । कोरबा लाने के बाद भी उनका इलाज जारी था। उनका बीपी और हार्ट का इलाज चल रहा था। इसी बीच गुरुवार को अचानक शाम 5 बजे जेल में तबीयत बिगड़ गई। तत्काल आनन-फानन में जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। फिलहाल आगे की कार्रवाई जारी है।अबीर कुंडू एक चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर थे जिनपर ठगी के कई आरोप लगे थे। जगदलपुर में मामला चल रहा था, जहां प्रकरण खत्म होने के बाद कोरबा जेल में शिफ्ट किया गया था। बालको थाने में भी 2015 में मृतक के खिलाफ प्रकरण दर्ज हैं।

# 16 वर्षीय बालिका के विवाह को समझाइश देकर रोकवाया प्रशासनिक टीम ने



-संवाददाता-
सूरजपुर,17 मई 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में निरंतर बाल विवाह में रोक लगाई जा रही है । वर्तमान में ग्रामीणों ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को सूचना दी की ग्राम ऊँचडीह में 16 वर्षीय नाबालिग बालिका का बाल विवाह कराया जा रहा है । जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के निर्देश पर संयुक्त टीम ग्राम ऊँचडीह गई । बालिका का शैक्षणिक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर बालिका 16 वर्ष 9 माह की निकली,बालिका और उसके परिजनों को समझाईस दी गई । समझाईस पर बड़ी मुश्किल से सभी मान गये जिसका पंचनामा कथन तैयार किया गया । विवाह कार्ड में लड़का पक्ष भी ग्राम नेवरा का पता चलने पर संयुक्त टीम लड़के के यहा गई । लड़के का उम्र तो सही पाया गया मगर वहाँ विवाह की पूरी तैयारी चल रही थी, लड़के को हल्दी लगा था, मंडप सजा था। बालिका के घर क्षेत्र की पर्यवेक्षक श्रीमती दीपा बैरागी एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जाकर समझाईश दिये थे । जिस कारण लड़की पक्ष विवाह नहीं करने का राजी थे इसलिये मण्डप वगैरह नहीं लगाये थे न ही लड़की को हल्दी लगी थी और घर में मेहमान भी भरे हुये थे। सारी रस्मे की जा रही थी । लड़के के चाचा ने कहा कि हमारे भतीजे का उम्र हो गया है । हम सभी रस्म करेंगे । विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी तब जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने समझाया कि अनावश्यक यह करने से कोई फायदा नहीं है । बालिका का उम्र नहीं हुआ है । आपके उपर कार्यवाही हो सकती है । तब जाकर घर वाले विवाह नहीं करने, बारात नहीं जाने को राजी हुये, इस आशय का भी पंचनामा तैयार किया गया । कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल, नायब तहसीलदार सुश्री हीना मैडम , पर्यवेक्षक श्रीमती दीपा बैरागी, काउन्सलर जैनेन्द्र दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजनी साहू, चाईल्ड लाईन के क्वार्डिनेटर कार्तिक मजूमदार,सुश्री शीतल सिंह ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता,पवन धीवर, पुलिस चौकी बसदेई के पुलिस स्टॉफ उपस्थित रहे ।

# 18 को प्रतापपुर में रक्तदान शिविर,रक्तवीरों का किया जाएगा सम्मान

**प्रतापपुर 17 मई 2024 (घटती-घटना)।** 18 मई को प्रतापपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित शिविर में जिला हॉस्पिटल सूरजपुर से मेडिकल टीम आएगी। संस्था के संयोजक राकेश मित्तल ने बताया कि रक्तदान महादान के उद्देश्य के साथ संस्था द्वारा पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर-जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण का सूचित किया जाता है कि आवेदक नन्दकेश्वर शिवरतन निवासी सरगॉवा थाना अम्बिकापुर तहहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के माता झुमको पति शिवरतन की दिनांक 01/06/2005 को स्थान निवास मे हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु की पंजीयक नही कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर-जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता हैं कि आवेदक दिनेश्वर प्रसाद सोनी आ0 रामजी प्रसाद सोनी निवासी- नावापारा अंबिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 को ग्राम-फुन्दुरडिहारी तहसील अंबिकापुर में स्थित भुमि खसरा क्रमांक 454/5 के रकबा 20×25=500 वर्गमीटर पर पेट्रोल डीजल पम्प स्थापित किये जाने का संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु स्थल प्रतिवेदन आवेदन कार्यालय जिला दण्डाधिकारी सरगुजा अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 5/06/2024 पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 16/05/2024को मेर हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार- अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमाक-202405020700060**

विषय :-अ-27 मामले की श्रेणी :- राजस्व सन् :-2023-2024

सुन्दरपुर ( प.ह.नं.00026)
पक्षकार का विवरण -आवेदक पक्षकार -बेसाहु दास, सफ्लिा दास, माता सोनकुवंर,अजय दास, माता सोनकुवंर, मनोहर दास, अनुल दास, माता सोनकुवंर, शिव कुमारी, शिवराम दास, मनबोध दास, माता सोनकुवंर
अनावेदक पक्षकार - मनबोध दास, माता सोनकुवंर, मनोहर दास, शिव कुमारी, अनुल दास, माता सोनकुवंर, सफ्लिा दास, माता सोनकुवंर, बेसाहु दास, अजय दास, माता सोनकुवंर, शिवराम दास

**ईश्तहार**

आवेदक बेसाहु दास आ0 दुहन दास निवासी ग्राम-सुन्दरपुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम-सुन्दरपुर स्थित खसरा नं0 50 ,242, 413 /1,414/1,450,476,589, कुल रकबा 1.534 हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/4 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/06/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा - आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09 /05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर

**न्यायालय कलेक्टर, जिला-सरगुजा (अम्बिकापुर) छत्तीसगढ़**

रा.प्र.क्र. 202311020300012 /06/ब-121/2023-24

**ईश्तहार/सूचना पत्र**

आवेदक बैंक ऑफ इंडिया शाखा अम्बिकापुर जिला-सरगुजा,छ0ग0 द्वारा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण अनावेदकगण (1) मेसर्स जायसवाल कंस्ट्रशन, ज्ञानश्रुति जायसवाल, निवासी आकाशवाणी कॉलोनी, चोपड़ापारा, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (2) मेसर्स जायसवाल कंस्ट्रक्शन, दीपक जायसवाल, निवासी 210-बी/1500 केलो बिहार कॉलोनी, मिनी स्टेडियम के पीछे, जिला-रायगढ़ (छ0ग0) (3) (जमानतदार) शिवधन जायसवाल आ0 सीताराम जायसवाल, रेडियों स्टेशन कॉलोनी, चोपड़ापारा,अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा छ0ग0 के इस नयायालय में उपस्थिति के लिये प्रकरण दिनांक 30/06/2024 को नियत है।

अतः सभी अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 30/05/2024 को इस न्यायालय में दिन के 03.00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें । नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नही होने पर अनावेदकगण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 17/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — कलेक्टर जिला-सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार- अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक-2024050207000054**

विषय :-अ-6 मामले की श्रेणी :- राजस्व सन् :-2023-2024

फुदुरबिहारी-: प.ह.नं. 00016 (334/37(0.0120 हे0)
पक्षकार का विवरण -आवेदक पक्षकार - मनोज अग्रवाल
अनावेदक पक्षकार -आनन्द अग्रवाल ,अंजना अग्रवाल, नीतु अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कलावती देवी, गित्री देवी, दुर्गा प्रसाद, हरिलाल, अंकुश, अल्पा, नाबा निखिल ,रोशनलाल, आलोक कुमार, रविकुमार, रीता, निधी, मोनिका, बाबुलाल, राम निवास, अमरजीत, अनिल

**ईश्तहार**

आवेदक मनोज अग्रवाल आ0 स्व0 बाबुलाल अग्रवाल व अन्य निवासी ओल्ड बस स्टैण्ड रोड वार्ड नं0 34 अंबिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम - फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नं0 334 /37, रकबा 0.012 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 बाबुलाल अग्रवाल एवं स्व. रामविलास अग्रवाल का नाम विलोपित कर फौती नामांकरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसका निराकरण न्यायालय में साक्ष्य लिया जाकर गुण दोष के आधार पर करने हेतु आनलाईन ई-नामांतरण पंजी से प्रकरण ईकोर्ट में स्थानांतरित किया जाता हैं।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10/06/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा - आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09 /05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टी 20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले जय शाह ने की भविष्यवाणी




» भारत समेत इन टीमों को बताया खिताब का प्रबल दावेदार...

**नई दिल्ली, 17 मई 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज अगले महीने 2 जून से होने जा रहा है। इस मेगा इवेंट से पहले देश विदेश के क्रिकेट दिग्गज टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार टीमों को लेकर चर्चा कर रहे हैं। इसी कड़ी में बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने भी अपनी पसंदीदा चार टीमों का नाम बताया है, जो टी20 वर्ल्ड कप खिताब की दावेदार हो सकती हैं। हालांकि, उनकी इन टीमों में ना तो इंग्लैंड है ना ही पाकिस्तान की टीम है।

इंटरव्यू के दौरान जब जय शाह से पूछा गया कि आपके अनुसार टी20 वर्ल्ड कप में कौन सी टीमें प्रबल दावेदार होंगी?

इसके जवाब में उन्होंने कहा कि, भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और मेजबान वेस्टइंडीज क्योंकि वे टी20 में अच्छे हैं। भारतीय टी20 टीम की मौजूदा फॉर्म के बारे में जब उनसे पूछा गया तो बीसीसीआई सचिव बोले, टीम में फॉर्म और अनुभव के बीच अच्छा संतुलन है। चयनकर्ता केवल आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर चयन नहीं कर सकते, क्योंकि विदेशी अनुभव भी आवश्यक है। इसी इंटरव्यू के दौरान जब जय शाह से उनके तीन पसंदीदा सर्वकालिक क्रिकेट आइकन के बारे में पूछा गया तो, उन्होंने कहा, बेशक सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और एमएस धोनी। मौजूद टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं।

### जैरी रोम में सितसिपास को हराकर पहले एटीपी 1000 सेमीफाइनल में



**रोम, 17 मई 2024।** निकोलस जैरी ने छठी वरीयता प्राप्त और 2022 के फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास को 3-6, 7-5, 6-4 से हराकर इटालियन ओपन में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया।इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, 28 वर्षीय ने दो घंटे और 38 मिनट के थ्रिलर के दौरान मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया, जिसके दौरान उन्होंने 13 में से 11 ब्रेक प्वाइंट का सामना किया।रोम में लगातार तीसरी बार सेमीफ़ाइनल में पहुंचने के लिए सितसिपास की खोज को विफल करने के लिए, चिली के खिलाड़ी ने बेसलाइन से अथक शक्ति का प्रदर्शन किया, जिसमें 166 किलोमीटर प्रति घंटे की जोरदार सर्विस सहित 23 फोरहैंड विनर्स शामिल थे। सैंटियागो मूल निवासी ने पिछले साल रौलां गैरो में अपनी एकमात्र भिड़ंत जीती थी।

# आईपीएल 2024 बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद हैदराबाद ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया



**हैदराबाद, 17 मई 2024।** यहां के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2024 का मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। अब पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद प्लेऑफ में जगह पक्की करने वाली तीसरी टीम बन गई है।

एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द हो जाने के कारण सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस, दोनों ने अब एक-एक अंक साझा किया। सनराइजर्स हैदराबाद के अब 15 अंक हो गए हैं, इसका मतलब है कि वे अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब उन्हें रविवार को पंजाब किंग्स को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए राजस्थान रॉयल्स कोलकाता नाइट राइडर्स से हार जाए। सनराइजर्स हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने का मतलब है कि दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इसका मतलब यह भी है कि आखिरी प्लेऑफ का स्थान शनिवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से तय होगा।

हैदराबाद में खेल शुरू होने से कुछ घंटे पहले शहर में बारिश शुरू हो गई। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के प्रवर्तन, सतर्कता और आपदा प्रबंधन निदेशक की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया है - हैदराबाद शहर में आज भारी बारिश होने की उम्मीद है। आज शाम 6 बजे तक बारिश रुकी हुई है और शाम 6 बजे के बाद फिर से शुरू हो सकती है। नागरिक तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं।


मैदान के दृश्यों से पता चलता है कि खेल क्षेत्र नीले कवर के नीचे है और विभाजन क्षेत्रों पर टायर रखे गए हैं, साथ ही आउटफील्ड क्षेत्रों में पहले से ही गीले पैच बने हुए हैं, जिन्हें कवर नहीं किया गया है। मैदान पर हल्के काले बादल छाए रहने के कारण शाम 7:15 बजे तक खेल की संभावना कम हो गई।

शाम 7:45 बजे घोषणा की गई कि टॉस 8 बजे होगा और मैच 8:15 बजे से शुरू होगा। लेकिन टॉस से आठ मिनट पहले बूंदाबांदी फिर से शुरू हो गई और कवर्स भी खराब हो गए। बूंदाबांदी के भारी बारिश में बदलने और कम होने का कोई संकेत नहीं दिखने से स्पष्ट हो गया कि मैच रद्द कर दिया जाएगा।

ऑन-फील्ड अंपायर नंद किशोर और वीरेंद्र शर्मा हाथ में छाता लिए हुए रात 10 बजे के आसपास ग्राउंड-स्टाफ के साथ चर्चा में शामिल थे यह आकलन करने के लिए कि क्या मैदान को पांच ओवर के शूटआउट के लिए तैयार करने का समय है? ग्यारह मिनट बाद अंपायरों ने कप्तानों को बुलाया और बारिश के कारण खेल को आधिकारिक तौर पर रद्द करने की घोषणा की।

जीटी आईपीएल की पहली ऐसी टीम भी बन गई, जिसके मैच लगातार रद्द होते गए। इससे उनके आईपीएल 2024 सीजन का निराशाजनक अंत भी हुआ। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को कैंसर जागरूकता का समर्थन करने के लिए लैवेंडर जर्सी पहननी थी, लेकिन बारिश के कारण ऐसा करने का मौका नहीं मिला।

## आईसीसी नॉकआउट मैचों में दबाव से निपटने भारत को समाधान खोजने की जरूरत: मिस्बाह



**नई दिल्ली, 17 मई 2024।** आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत का संघर्ष दुनिया से छिपा नहीं है। इसी को ध्यान में रखकर वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले ब्लॉकबस्टर टी 20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक ने भारतीय टीम का समर्थन किया।पिछले साल के वनडे विश्व कप में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घुटने टेकने तक भारत टूर्नामेंट में अजेय रहा।

भारत ने एमएस धोनी के नेतृत्व में 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई भी आईसीसी खिताब नहीं जीता है।वह पिछले तीन साल में दो मौकों पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने से चूक गए। फिर, टी20 विश्व कप के पिछले संस्करण में मेन इन ब्लू को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान समाप्त हो गया।

हालांकि, मेगा इवेंट में भारत के इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज ने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी के नेतृत्व वाले भारत के मौजूदा तेज आक्रमण को दिया, साथ ही भारतीय क्रिकेट की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की। मिस्बाह-उल-हक ने कहा, यह अब एक अलग भारतीय टीम है, बहुत शक्तिशाली गेंदबाजी लाइनअप के साथ एक कुशल टीम। बल्लेबाजी हमेशा मजबूत रही है, लेकिन उनकी तेज गेंदबाजी की गुणवत्ता ने वास्तव में उनके खेल को ऊपर उठाया है।

इतना क्रिकेट खेलने से उन्हें एक्सपोजर मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इसे तोड़ने के लिए, विरोधी टीमों को बहुत प्रयास करने की ज़रूरत होती है, जो एक कठिन काम है।

उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया को देखें। उन्होंने अपनी मजबूत मानसिक क्षमता से इनमें से अधिकांश बाधाओं को पार कर लिया है। जैसे ही बड़े मैच और दबाव की स्थिति पैदा होती है, वे शांत रहने में कामयाब होते हैं। 2009 टी20 विश्व कप चैंपियन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत करने के बावजूद भारत टूर्नामेंट को शानदार तरीके से खत्म करने में पीछे रहा।

मिस्बाह ने कहा, इसके विपरीत, पाकिस्तान, भारत और अन्य एशियाई टीमों को अपनी विशाल आबादी और उच्च उम्मीदों से भारी दबाव का सामना करना पड़ता है। यह दबाव प्रदर्शन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। यह कुछ ऐसा है जिससे भारत ने पिछले कुछ मेगा आयोजनों में संघर्ष किया है। पूर्व पाकिस्तानी दिग्गज क्रिकेटर ने यह भी कहा कि भारत को आईसीसी नॉकआउट मैचों में दबाव से निपटने के लिए समाधान खोजने की जरूरत है। भारत 5 जून को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में आयरलैंड से भिड़ेगा। इसके बाद भारत की टक्कर 9 जून को न्यूयॉर्क में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगी।

## बांग्लादेश से एक जून को टी 20 वर्ल्ड कप अभ्यास मैच खेलेगा भारत



**दुबई, 17 मई 2024।** भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया गया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैम्पियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं। वहीं पाकिस्तान में पांच मैचों की टी 20 श्रृंखला खेलकर कीवी टीम आठ जून को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप का पहला मैच खेलेगी। अभ्यास मैचों को टी 20 का दर्जा हासिल नहीं है लिहाजा टीमें सभी 15 खिलाड़ियों को उतार सकती हैं। वेस्टइंडीज और आस्ट्रेलिया के बीच क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो में होने वाला मैच दर्शकों के लिये खुला होगा।

# पुष्पा 2 से अनसूया भारद्वाज का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज




साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल का इंतजार फैंस को बेसब्री से हैं। फिल्म का हाल ही में पहला गाना पुष्पा-पुष्पा रिलीज हुआ था। इस गाने पर धड़ल्ले से रील बन रही है और अब फिल्म से एक्ट्रेस का अनसूया भारद्वाज का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। दरअसल, अनसूया के बर्थडे पर उनका फर्स्ट लुक सामने आया है। पुष्पा के मेकर्स मैत्री मूवी मेकर्स ने एक्ट्रेस को जन्मदिन भी विश किया है। फिल्म के पहले पार्ट में धांसू रोल करने वालीं अनसूया अपना 39वां बर्थडे मनायी। वहीं, एक्ट्रेस के लिए इस खास मौके पर पुष्पा के मेकर्स मैत्री मूवी ने अपने एक्स हैंडल पर एक्ट्रेस का फिल्म से धांसू लुक शेयर किया है। सोशल मीडिया पर अनसूया का फर्स्ट लुक तेजी से वायरल हो रहा है. अपने फर्स्ट लुक पोस्टर में अनसूया मेज पर रौबदार लुक में बैठी हैं। पुष्पा 2 में वह दक्षिणायनी के रोल में नजर आने वाली हैं.पुष्पा 2: द रूल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहाद फासिल, अनसूया भारद्वाज, सुनील, जगदीश और राव रमेश अहम रोल में दिखेंगे. पुष्पा 2 आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म के म्यूजिक के लिए एक बार फिर देवी श्री प्रसाद को चुना गया है। फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार हैं.वहीं, फिल्म का पहला गाना पुष्पा- पुष्पा पहले ही धमाका कर चुका है और अब फिल्म का दूसरा गाना रिलीज करने की तैयारी हो रही है। पुष्पा 2 का दूसरा गाना एक रोमांटिक ट्रेक बताया जा रहा है, जिसमें अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की लव कैमिस्ट्री दिखेगी।

## अक्षय कुमार के साथ रोमांस करती दिखेंगी आलिया भट्ट

हिरा फेरी, भूल भुलैया जैसी हिट फिल्में देने वाले निर्देशक प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। फिल्म खट्टा मीठा की रिलीज के करीब 14 साल बाद दोनों साथ आ रहे हैं। खबर है कि यह काले जादू की पृष्ठभूमि पर हॉरर कॉमेडी फिल्म है। दोनों अपनी इस अनाम हॉरर कामेडी फिल्म की शुरुआत दिसंबर में करेंगे। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर आलिया भट्ट, कियारा आडवाणी और कीर्ति सुरेश को प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है । खबरों के मुताबिक प्रियदर्शन की स्क्रिप्ट में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए सशक्त अभिनेत्री की आवश्यकता है। निर्माताओं ने आलिया, कीर्ति और कियारा से संपर्क किया है। स्क्रिप्ट पर उनकी प्रतिक्रिया, तारीखों की उपलब्धता और फीस के आधार पर उनका चयन होगा। आलिया भट्ट अगर अपनी सहमति देती हैं, तो यह उनके 12 साल के करियर में अक्षय के साथ नायिका के रूप में पहली फिल्म होगी। फिल्म का पहला शेड्यूल आठ दिसंबर से लंदन में शुरू होने की उम्मीद है। उसके बाद, टीम उत्तर प्रदेश और गुजरात का रुख करेगी। इस हॉरर




कॉमेडी को बड़े पैमाने पर बनाने की तैयारी है। अगले साल फरवरी तक शूटिंग पूरी कर ली जाएगी। अक्षय कुमार के वर्क फ्रंट की बात करें, तो एक्टर के खाते में कई बड़ी फिल्में हैं। इनमें जॉली एलएलबी 3, सरफिरे और वेलकम टू द जंगल जैसी मच अवेटेड फिल्में शामिल हैं। अक्षय कुमार आखिरी बार बड़े मियां छोटे मियां में नजर आए थे, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई। ईद पर रिलीज हुई बड़े मियां छोटे मियां का बिजनेस रिलीज के चंद दिनों में ही डांवाडोल हो गया। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ लीड रोल में टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल थे।

# शिखर पहाड़िया को अपनी किशोरावस्था से जानती हैं जान्हवी कपूर, एक्ट्रेस ने कहा- उनके सपने मेरे सपने हैं...



अभिनेत्री जान्हवी कपूर, जो हमेशा शिखर पहाड़िया के साथ अपने रिश्ते पर टिप्पणी करने से बचती रही हैं, ने हाल ही में साझा किया कि वह उन्हें तब से जानती हैं जब वह 15 या 16 साल की थीं। उन्होंने यह भी कहा कि वे दोनों एक-दूसरे के सपोर्ट सिस्टम रहे हैं। अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर और मिसेज माही के प्रमोशन के दौरान जान्हवी से उनके जीवन में सहायता प्रणालियों के बारे में पूछा गया था। उन्होंने खुलकर शिखर का नाम लिया और मिर्ची प्लस को बताया, ÷जब मैं 15 या 16 साल की थी तब से वह मेरी जिंदगी में हैं। मुझे लगता है कि मेरे सपने हमेशा उनके सपने रहे हैं और उनके सपने हमेशा मेरे सपने रहे हैं। हम बहुत करीब रहे हैं। हम एक-दूसरे की सहायता प्रणाली रहे हैं, लगभग मानो हमने एक-दूसरे को बड़ा किया हो हालांकि जान्हवी ने शिखर के साथ अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है, लेकिन वह अक्सर शिखर के नाम का नेकलेस पहने नजर आती हैं। करण जौहर के कॉफी विद करण में अपनी आखिरी उपस्थिति के दौरान, उन्होंने स्वीकार किया कि उनके फोन पर स्पीड डायल पर शिखर का नंबर है।इसके बारे में बोलते हुए, अभिनेता ने कहा, योजना नहीं थी, लेकिन मुझे लगता है कि मैं इसके बारे में थोड़ा भावुक महसूस कर रहा था।÷ जान्हवी और शिखर को अक्सर इवेंट्स में साथ देखा जाता है। शिखर को अक्सर जान्हवी के पिता बोनी कपूर और भाई अर्जुन कपूर के साथ समय बिताते हुए भी देखा जाता है। बोनी ने भी एक बार एक इंटरव्यू में जान्हवी और शिखर के रिश्ते की पुष्टि की थी। ज़ूम से बात करते हुए, उन्होंने कहा,मैं उससे (शिखर) प्यार करता हूं, और वास्तव में, कुछ साल पहले, जान्हवी उससे नहीं मिल रही थी, लेकिन मैं अभी भी उसके साथ दोस्ताना था। मुझे यकीन था कि वह कभी भी एक्स नहीं हो सकता। जान्हवी की आने वाली फिल्म मिस्टर और मिसेज माही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## शिवांगी जोशी ने करवाया फोटोशूट



### मोहसिन-कुशाल के फैंस में छिड़ी जंग

टीवी की पॉपुलर और हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक शिवांगी जोशी इन दिनों जमकर मी-टाइम बिता रही हैं। स्टार प्लस के सुपरहिट टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से सुर्खियां बटोर चुकी शिवांगी जोशी ने हाल ही में एक फोटोशूट करवाया है, जिसमें उनकी खूबसूरती देखते ही बन रही है। शिवांगी ने इस फोटोशूट की झलक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दिखाई है। शिवांगी जोशी के इस अंदाज को देखकर सोशल मीडिया पर टीवी एक्टर मोहसिन खान और कुशाल टंडन के फैंस के बीच एक जंग सी छिड़ गई है। कुशाल और मोहसिन के फैंस का कहना है कि शिवांगी जोशी को जल्द ही इन एक्टर्स के साथ नए प्रोजेक्ट्स साइन करने चाहिए।बता दें कि शिवांगी जोशी ने मोहसिन खान और कुशाल टंडन संग काम किया हुआ है। दोनों एक्टर्स के साथ ही शिवांगी जोशी की केमेस्ट्री को लोगों ने खूब पसंद भी किया। ऐसे में शिवांगी जोशी की नई तस्वीरों पर दोनों ही एक्टर्स के फैंस लगातार कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने शिवांगी की तस्वीरों पर लिखा है, मोहसिन और आप साथ में हमेशा अच्छे लगते थे, आप दोनों जल्द ही फिर से साथ में काम करो। वहीं एक दूसरे यूजर ने कमेंट किया है, कुशाल के साथ तो आपको जल्द ही नया शो फिर से करना चाहिए। शिवांगी जोशी की तस्वीरों पर ऐसे कमेंट्स लगातार आ रहे हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है एक्ट्रेस की तस्वीरों पर अब तक साढ़े चार लाख से भी ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं।कुशाल टंडन और शिवांगी जोशी का नाम इन दिनों काफी जोड़ा जाता है। दोनों ने सोनी टीवी के डेली सोप बरसातें में साथ काम किया था। खैर यह शो एक साल के अंदर ही बंद हो गया। इस शो के दौरान ही शिवांगी और मोहसिन के बीच दोस्ती हुई और दोनों की नजदीकियां भी बढ़ीं। हालांकि अभी तक दोनों ने अफेयर की अफवाह पर कोई भी चुप्पी नहीं तोड़ी है। ये रिश्ता क्या कहलाता है के दौरान भी शिवांगी जोशी और मोहसिन खान के अफेयर की खूब हवा उड़ी थी। फैंस दोनों को हमेशा साथ देखना चाहते थे।

## ला पिला दे शराब गाने के बाद अब पति विक्की जैन के साथ इस टीवी शो में नजर आएंगी अंकिता लोखंडे

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने खूब सुर्खियां बटोरीं। शो में पति-पत्नी की लड़ाई काफी चर्चा में रही थी। हालात यहां तक आ गए थे कि लोग उनके अलग होने तक की अटकलें लगाने लगे थे। हालाँकि, बाद में इस जोड़ी के बीच सबकुछ ठीक हो गया और वे जल्द ही एक और रियलिटी शो में नज़र आएंगे। हाँ! आपने सही पढ़ा, बिग बॉस 17 के बाद अब अंकिता लोखंडे और विक्की जैन आने वाले शो लाफ्टर शेफ्स में नजर आने वाले हैं।



इस कॉमेडी शो में कुकिंग के साथ-साथ मनोरंजन भी होगा। शो का लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है, जिसमें अंकिता और विक्की की मस्ती नजर आ रही है।प्रोमो शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, आपके चेहरे पर मुस्कान लाते हुए अंकिता और विक्की अपने कॉमेडी अंदाज के साथ आए हैं। क्लिप में देखा जा सकता है कि नीले रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहने अंकिता अपने पति विक्की जैन से पूछती हैं कि वह आज डिनर में क्या खाएंगे। फिर विक्की जवाब देता है, कुछ भी। अंकिता ने इस मामले को इतनी गंभीरता से लिया कि उन्होंने इसे कुछ भी के नारे के साथ अपने पति के सामने थाली में परोस दिया। ये देखकर विक्की का चेहरा उतर गया और बाद में चैनल ने इस प्रोमो में नए शो की घोषणा कर दी। लोग अंकिता और विक्की को दोबारा शो में देखकर काफी खुश हैं. लेकिन कुछ लोग ट्रोल करने से बाज नहीं आते। एक यूजर ने अंकिता और विक्की को ट्रोल करते हुए लिखा, अगर ओवरएक्टिंग का भी कोई चेहरा होता। एक अन्य यूजर ने लिखा, सच में, इतना अपमानित होने के बाद भी. वहीं एक अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, इतनी ओवरएक्टिंग क्यों। एक और कमेंट में लिखा है, ये दोनों शो को बर्बाद कर देंगे। आपने इन्हें शो में क्यों बुलाया है? अगर आप शो की टीआरपी चाहते हैं तो अब से इन्हें न लें।

## अब न कोई गड़बड़ न घोटाला छत्तीसगढ़ में फिर से ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास शुरु

# विष्णुदेव साय ने लगाया कांग्रेस की योजना पर ब्रेक

**रायपुर,17 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार में चल रही कोयला लेवी घोटाले वाली व्यवस्था को विष्णुदेव साय सरकार ने बंद कर दिया है। राज्य में अब कोयला सहित अन्य खनिजों के परिवहन के लिए आनलाइन ई-ट्रांजिट पास व्यवस्था की फिर से शुरुआत हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने लिखा है कि अब न कोई गड़बड़ न घोटाला छत्तीसगढ़ सरकार में ईमानदारी का बोलबाला ज। खनिज परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता आने से राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी। बता दें कि आठ फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री साय ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कोल परिवहन की एनओसी और परमिट के लिए आनलाइन प्रक्रिया करने की घोषणा की थी।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के अनुसार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान कोयला परिवहन में 540 करोड़ रुपये के घोटाले का राजफाश हुआ है। शासन की अनुमति के बिना ही भौमिकी एवं खनिकर्म विभाग के तत्कालीन संचालक समीर बिश्नोई ने 15 जुलाई को 2020 को आदेश जारी कर आनलाइन परमिट की प्रचलित व्यवस्था को खत्म कर आफलाइन कर दिया था।

### मंत्री, विधायक व आईएएस भी फंसे

कोयला घोटाले में कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह, गुलाब कमरो, शिशुपाल सोरी, चंद्रदेव प्रसाद राय, यूडी मिंज, आईएएस समीर विश्नोई, आईएएस रानू साहू, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप` सचिव सौम्या चौरसिया समेत 36 व्यक्तियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज है। इनमें सौम्या चौरसिया, समीर बिश्नोई व रानू साहू, सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल, एसएस नाग और निखिल चंद्राकर जेल में बंद हैं।

### क्या है पूरा मामला

इस प्रक्रिया के कारण भ्रष्टाचार और अवैध उगाही की शिकायत मिलने पर ईडी ने मामले में जांच के बाद न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया है। संचालक बिश्नोई अभी जेल में हैं। कोल परिवहन में कोयला एजेंसियों से प्रति टन 25 रुपए कमीशन वसूलने का आरोप है। इस सिंडीकेट से जुड़े लोग वूसली करते थे।



## आरआई रिश्वत लेते गिरफ्तार

### एसीबी टीम ने दबोचा

**बिलासपुर,17 मई 2024(ए)** न्यायधानी बिलासपुर में एसीबी की टीम ने रिश्वतखोर आरआई को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। बिलासपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ आरआई संतोष देवांगन को 1 लाख रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। दरअसल, एक पीड़ित ने एसीबी की टीम से आरआई संतोष देवांगन की शिकायत की थी। पीड़ित ने बताया कि जमीन से संबंधित काम कराने के एवज में आरआई ने एक लाख की मांग की। आरआरई ने पैसे लेकर आज शुक्रवार को बुलाया था। आज 1 लाख रूपए नगदी लेकर पीड़ित तहसील कार्यालय पहुंचा था। जैसे ही पीड़ित ने आरआई संतोष को एक लाख दिये वैसे ही एसीबी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम को देखकर आरआई हैरान रह गया और माफ करने की गुहार एसीबी की टीम से करता रहा। फिलहाल, रिश्वतखोर आरआई को एसीबी गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।


## अकारण दफ्तर न आने पर कर्मचारी किए जा सकते हैं बर्खास्त

**रायपुर,17 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार बेवजह लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय कर्मचारियों पर अब सरकार सख्ती बरतने जा रही है। ऐसे कर्मचारी जो अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं उन्हें अब निलंबित करने के बजाए आरोप सिद्ध होने पर सेवा से हटाया जाएगा।



दरअसल सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच के दौरान निलंबन की कार्रवाई न की जाए। इससे वे वेतन का दावा करने लगते हैं। इसकी बजाए विभागीय छह महीने में जांच कंप्लीट कर अगर दोषी पाए जाएं तो उनके खिलाफ सर्विस ब्रेक, सर्विस बुक में इंद्राज किया जाए और अगर गंभीरतम लापरवाही है तो सेवा से बर्खास्त किये जाने के निर्देश दिए हैं।

## यश टुटेजा के साले की मिली लाश,हत्या की आशंका



**भिलाई,17 मई 2024(ए)।** यश टुटेजा के साले विजय जैन की लाश मिली है। जिस पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला दुर्ग का है। मृतक यश टुटेजा का साला है। बता दें कि अंजोरा दुर्ग में शिवनाथ में बने एनीकट में यह डेड बॉडी मिली है। बता दें कि यश टुटेजा रिटायर्ड अनिल टुटेजा का बेटा है। विजय जैन सिद्धार्थ जैन का बेटा है। अंजोरा चौकी क्षेत्र में शिवनाथ नदी में एक व्यापारी की लाश मिली थी। मृतक की पहचान दुर्ग गवली पारा के रहने वाले सिद्धार्थ जैन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि व्यापारी घर से तीन दिन से लापता था।

# डिप्टी रेंजर की हत्या,बोलेरो से कुचलने वाला गिरफ्तार

**रायगढ़,17 मई 2024(ए)।** कल थाना धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में डिप्टी रेंजर संजय तिवारी की आकस्मिक मौत की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी जिसकी जांच पर मामला पुरानी रंजिश पर आरोपित बसंत यादव द्वारा सुनियोजित तरीके से वाहन से कुचलकर हत्या का सामने आया है । धरमजयगढ़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले का पटाक्षेप कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कल दोपहर करीब 03.00 बजे धरमजयगढ़ मेन रोड़ कृषि उपज मंडी के पास एक अज्ञात बोलेरो वाहन की चपेट में आने से हीरो ग्लैमर बाइक में सवार सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय तिवारी पिता गोकुल प्रसाद तिवारी उम्र 53 वर्ष निवासी काष्टागर फॉरेस्ट कॉलोनी धरमजयगढ़ को गंभीर चोंटे आयी थी



जिन्हें सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत बताया । थाना धरमजयगढ़ में मर्ग पश्चात अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 137/2024 धारा 304 ए आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना दरम्यान प्रत्यक्षदर्शी गवाहों एवं सीसीटीवी फुटेज से अज्ञात बोलेरो वाहन का पता लगाया गया जिसमें बोलेरो क्रमांक CG 13 E 0377 द्वारा घटना कारित करने के साक्ष्य मिले । पुलिस टीम तत्काल ग्राम बेहरापारा में दबिश देकर वाहन के चालक आरोपी बसंत कुमार यादव को हिरासत में लिया गया । आरोपित बसंत कुमार यादव का पूर्व से मृतक संजय तिवारी से रंजिश थी

## सुरक्षा बलों ने किया आईईडी बम डिफ्यूज

**गरियाबंद17 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों की कायराना करतूत लगातार जारी है। वहीं जवना द्वारा छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ अभियान भी जारी है। इसी बीच गरियाबंद जिले के जंगलों और सीमा क्षेत्रों में नक्सलियों के होने की पर एसटीएफ एवं जिला बल की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची जहां पुलिस जवानों को आता देख नक्सली भाग खड़े हुए। सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों को मौके से तीन द्धश्वष्ठ बम बरामद हुए है।मिली जानकारी के अनुसार जिला गरियाबंद अंतर्गत थाना शोभा से लगे अंतर्राज्यीय सीमाक्षेत्र के ग्राम कोदोमाली, इचरादि, गरीबा, सहबीनकछार जंगल क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद 16 मई




को एसटीएफ एवं जिला बल की संयुक्त टीम शोभा थाना क्षेत्र के ग्राम कोदोमाली, इचरादि, गाजीमुड़ा, पहाड़ी क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान पर थे।

# संपत्ति के मूल्यांकन में नुकसान बर्दाश्त नहीं

### » वाणिज्यिक कर विभाग ने जिला पंजीयकों को लिखा पत्र...

**रायपुर,17 मई 2024(ए)।** वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग संपत्ति के मूल्यांकन से होने वाले नुकसान को लेकर गंभीर हो गया है. इस संबंध में तमाम जिला पंजीयकों को पत्र लिखकर संपत्ति के न्यून मूल्यांकन के फलस्वरूप होने वाले राजस्व हानि रोकने के साथ प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने का निर्देश दिया गया है।वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा तमाम जिला पंजीयकों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपत्ति का मूल्यांकन नहीं किया जाए। यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपत्ति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकता है, तो नियमों के तहत साक्ष्यों के साथ प्रस्ताव भेजकर अनुमोदन के उपरांत आगे की कार्रवाई करने कहा गया है।


यही नहीं नई आवासीय, व्यावसायिक या औद्योगिक परियोजना का मूल्य निर्धारण करते समय छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों को आधार बनाते हुए नियमों के अनुसार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है.




साथ ही ताकीद किया गया है कि यादृच्छिक आधार पर दर अवधारित नहीं किए जाए। पत्र में कलेक्टर ऑफ स्टाम्प के समक्ष दर्ज प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित करने कहा गया है. वहीं ऐसे प्रकरण में जहां जांच आवश्यक हो, कारण बताते हुए अधिकतम तीन माह के भीतर निराकरण करने कहा गया है।यही नहीं जिला पंजीयकों के द्वारा निराकृत प्रकरणों की सूची 15 दिवस में एक बार, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक छत्तीसगढ़ को निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से भेजने के लिए निर्देशित किया गया है. इन निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

## गांव के पास 4 बाघ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा,17 मई 2024(ए)।** जिले के पाली वन परिक्षेत्र के डी जे सांगा में बाघ दिखने का दावा किया गया है। सड़क पार करने के दौरान 4 की संख्या में बाघ और शावक नजर आए हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो की पुष्टि के लिए साक्ष्य जुटाने में वन विभाग लगा हुआ है। वायरल वीडियो के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पहाड़ गांव निवासी विनोद कुमार आयम के घर शादी थी। शादी में शामिल होकर रात 9.30 बजे ग्राम पंचायत जेमरा के सरपंच भंवर सिंह उईके और ग्रामीण दशरथ सिंह राज मोटर



साइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान रामटॉक जंगल के छिंदपहरी और सपलवा रोड के तिराहे के पास बाघ दिखे। दूर से हॉर्न बजाने के बावजूद वह टस से मस नहीं हुए। यहां से दोनों व्यक्ति अपने गांव आकर पंचायत के लोगों को बाघ के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों की माने तो इस इलाके में कई बार बाघ को देखा गया है जो घर के आंगन में बकरी और मवेशियों को अपना शिकार बन चुके हैं।

# कार्यपालन अभियंता के घर पर एसीबी की छापेमारी

### » ठेकेदार से मांग रहा था रिश्वत

**कोंडागांव,17 मई 2024(ए)।** कोंडागांव में जल संसाधन विभाग में पदस्थ कार्यपालन अभियंता टीआर मेश्राम के शासकीय बंगले में एसीबी की टीम ने छापेमार कार्रवाई की है। कार्यपालन अभियंता पर ठेकेदार से रिश्वत लेने का आरोप है। ठेकेदार द्वारा की गई शिकायत के बाद ये कार्रवाई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने की है। बताया जा रहा है कि अभी भी एंटी करप्शन की टीम अभियंता के बंगले पर ही है और कार्रवाई जारी है। दरअसल, जल संसाधन विभाग में ठेकेदारी कर रहे एक ठेकेदार ने कार्यपालन अभियंता टीआर मेश्राम के खिलाफ रिश्वत मांगने की



शिकायत ईओडब्ल्यू/एसीबी में दर्ज कराई थी। ठेकेदार ने शिकायत में बताया कि अभियंता द्वारा सप्लीमेंट्री कार्य के एवज में रिश्वत की मांग की गई। इस शिकायत को एंटी करप्शन की टीम ने गंभीरता से लिया और कार्रवाई करते हुए आज कोंडागांव जल संसाधन विभाग में पदस्थ अभियंता टीआर मेश्राम के सरकारी आवास पर छापेमारी की गई। सुबह सुबह बंगले में जांच टीम को देख सभी हैरान रह गये। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान अभियंता के बंगले से 50 हजार कैश बरामद किये गये है। फिलहाल अभी भी कार्रवाई जारी है। जांच और कार्रवाई खत्म होने के बाद एंटी करप्शन की टीम मामले में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी देगी।

# शराब घोटाला केस में त्रिलोक सिंह ढिल्लन को नहीं मिली जमानत

### » रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने याचिका की खारिज

**रायपुर,17 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले मामले में जेल में बंद शराब करोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन को स्पेशल कोर्ट ने जमानत नहीं दी है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) रायपुर स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को ढिल्लन की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इसी केस में एक दिन पहले अनवर ढेबर की जमानत याचिका को भी खारिज किया गया था। वहीं महादेव सट्टा एप मामले में भी शुक्रवार को सुनवाई हुई। इसमें जेल में बंद आरोपी अमित अग्रवाल




की जमानत आवेदन पर बहस हुई है। कोर्ट ने इस मामले में 20 मई तक फैसला सुरक्षित रखा है। ईओडब्ल्य की टीम ने शराब घोटाला केस में त्रिलोक सिंह ढिल्लन को 25 अप्रैल को गिरफ्तार किया था।

## क्रिप्टो करेंसी में पैसा कमाने का झांसा देकर 30 लाख की ठगी

**रायपुर,17 मई 2024 (ए)।** राजधानी पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में पैसा कमाने का झांसा देकर एक युवक से 30 लाख रुपए ठगने वाले शख्स के खिलाफ कार्रवाई की है। 2022 में हुई एक ठगी के मामले में ओड़िशा के बलांगीर के एक ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ठग ने निवेश की रकम का हर महीने 10 फीसदी देने का झांसा दिया था। झांसे में आकर पीड़ित युवक ने रकम निवेश की। जब मुनाफे की रकम मांगा तो उसे रकम नहीं मिली। कई दिनों तक ठग युवक को पैसों के लिए घुमाते रहा। परेशान होकर युवक ने पुलिस में शिकायत की, जिसके बाद मुजगहन थाने में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने अपनी




कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बलांगीर से अमित कुमार थापा (36) को गिरफ्तार किया है। ठग ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अमिल के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

# दिव्यांगजनों को रिक्त पदों पर सीधी भर्ती में मिली छूट

### » सरकार ने जारी किया नया निर्देश


**रायपुर,17 मई 2024(ए)।** राज्य शासन ने शासकीय कार्यालयों तथा निगमों,मंडलों, प्राधिकरणों, स्वशासी संस्थाओं में दिव्यांगजनों की सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर नियुक्ति के संबंध में नया निर्देश जारी किया है।

राज्य शासन ने दिव्यांगजनों की भर्ती के लिए निर्देशों में आंशिक छूट प्रदान की है.। इसमें दिव्यांगजनों के लिए रिक्त पदों के बैकलॉग की पूर्ति के लिए विभागों को वित्त विभाग की पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता को खत्म कर दिया गया है।. यह छूट 31 मार्च 2025 तक के लिए प्रभावी रहेगी।.




# चाय बनाते वक्त फटा गैस सिलेंडर

**बिलासपुर,17 मई 2024(ए)।** बिलासपुर जिले में शुक्रवार सुबह चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो जाने से महिला झुलस गई। आगजनी की सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची और जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के यदुनंदन नगर तिफरा क्षेत्र की है।जानकारी के अनुसार, यदुनंदन नगर तिफरा क्षेत्र में एक महिला ने सुबह चाय बनाने के लिए गैस चालू किया। इस दौरान सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। आग पूरे घर में फैल गया। तुरंत डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सिलेंडर में गीला कपड़ा बांध कर और उस पर मिट्टी डाल कर आग को नियंत्रित किया। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)